वर्ष : 10 > अंक : 40

R.N.I. No. RAJHIN/2014/56746

मीडिया दृष्टिकोण

मूल्य: 10 रुपए > पृष्ठ : 08

# हिलव्यू समाचार

सामाजिक व्यवहार ही सबसे बड़ी पूंजी है।
-शालिनी श्रीवास्तव

website: www.hsnews.in

साप्ताहिक समाचार पत्र

जयपुर, गुरुवार, 28 मार्च 2024

नाम बड़े और दर्शन खोटे

# मदनलाल बालड़ परिवार ने 63 मासूम लोगों से छीना उनका आशियाना

## मामला है करोड़ों-अरबों की खसरा नंबर 310 की 18 बीघा 5 बिस्वा जोधपुर स्थित ज़मीन का जो ग्राम कुड़ी भगतासनी के पाली हाइवे पर स्थित है



कौड़ियों के बदले करोड़ों की सम्पत्ति पर नज़र





मदनलाल बालड़ (ऊपर), सुशील एवं पत्नी दीपमाला बालड़ और मुकेश बालड़ (नीचे दांए)

■ शालिनी श्रीवास्तव
■ कुलदीप गुप्ता

**जयपुर-जोधपुर (हिलव्यू समाचार)।** अपने रसूख,धन और बल के बलबूते पर मदनलाल बालड़ जो कि जैन समाज में एक प्रतिष्ठा और स्थान रखते हैं उन्हीं के पुत्रों ने 63 लोगों के घर के सपने को चकनाचूर कर दिया और पुष्पचन्द संचेती से मिलकर जिला न्यायालय जोधपुर महानगर व राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर को गुमराह कर 63 मासूम परिवारों के ख़िलाफ़ अपने पक्ष में फ़ैसला करवा लिया।

ये 63 परिवार जिनके पास आय के साधन कम और व्यय के रास्ते ज़्यादा थे उनमें से कई लोग इनके धन,बल और दबाव के आगे घुटने टेक गए लेकिन न्याय के लिए राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर की तरफ़ आज भी उनकी मासूम निग़ाहें उठती हैं।

63 परिवारों में से 9 परिवारों ने पुनः न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाया लेकिन पुनः एक बार मदनलाल बालड़ के पुत्रों मुकेश बालड़, सुशील बालड़ पुत्रवधु दीपमाला ने इनके आगे संघर्ष के इतने काटें बो दिए कि ये मासूम 09 परिवार भी टूटने लगे। ताक़तवर के आगे लाचार निरीह प्राणी की हिम्मत दम तोड़ ही देती है यही इन 63 में से शेष 9 परिवारों के साथ फिर हुआ लेकिन उसके बावजूद आशा की किरण के रूप में 02 परिवार आज भी इस विवाद में अपना दावा स्थिर और मज़बूत तरीक़े से लगातार न्यायालय में प्रस्तुत करते आ रहे हैं। अपराधी, गुंडे, मवाली,रसूखदार,पैसे वाले और प्रभावशाली दबदबा रखने वाले लोग इसी तरह आम ग़रीब आदमी को बिना हथियार और हमला किए मसल कर फैंक देते हैं।

आदिकाल से ज़र जोरु और ज़मीन की लड़ाई चलती आ रही है और समर्थ को दोष नहीं गुसाई रामचरित मानस की यह लाइन जोधपुर शहर के प्रतिष्ठित व्यक्ति मदनलाल बालड़ के पुत्र मुकेश बालड़, सुशील कुमार बालड़ और पुत्रवधु दीपमाला पर पूरी तरह से चरितार्थ होती नजर आ रही है।

**विवादाग्रस्त भूमि की खरीद में क्यों लिप्त हुए मदनलाल बालड़ के पुत्र मुकेश बालड़, सुशील बालड़ और पुत्रवधु दीपमाला बालड़? क्योंकि इसी ज़मीन से सटी हुई मदनलाल बालड़ के पुत्रों की फैक्ट्री सनसिटी आर्ट एक्सपोर्टस कंपनी भी स्थित है। ऐसे में चींटी की जान में भी भगवान देखने वाले,मानवता का संदेश देने वाले धर्म से जुड़े बालड़ परिवार ने क्यों खरीदा विवादास्पद ज़मीन को अपने धन,बल और रसूख से और छीना 63 मासूम लोगों का अधिकार? इस खसरा नंबर 310 पर शुरू से ही 63 परिवारों के आशियाने के सपने जुड़े थे।**



विवादित ज़मीन खसरा नं. 310, कुड़ी भगतासनी, पाली हाईवे, जोधपुर



63 परिवारों में से एक परिवार मेहता परिवार। पिता सदमे से हुए लकवाग्रस्त।

खातेदार कालूराम उर्फ कालिया पुत्र छैलाराम ने 132 प्लॉट की स्कीम काटकर 29 जून 1992 को उसका बेचान 63 लोगों के पक्ष में किया और इस दौरान नियत भुगतान प्राप्त कर 07 अक्टूबर 1992 को सभी 63 क्रेताओं के नाम की रजिस्ट्री भी करवा दी। 24 फरवरी 1993 को खरीददारों के पक्ष में नामान्तरण भी हो गया। लेकिन कालूराम उर्फ़ कालिया का प्रथम ख़रीददार जो कि डिफाल्टर साबित हुआ था और उसके साथ कालूराम ने सौदा कैंसल कर दिया था। उसी डिफाल्टर पुष्पचन्द संचेती ने कोर्ट में झूठा परिवाद दायर कर दिया और कई महत्वपूर्ण तथ्य छुपाते हुए कोर्ट को गुमराह करते हुए बालड़ परिवार को अपनी धोखाधड़ी और जालसाजी में शामिल करते हुए 63 मासूम लोगों के ख़िलाफ़ फ़ैसला करवा लिया।

मदनलाल बालड़ के पुत्रों सुशील बालड़,मुकेश बालड़ व पुत्रवधू दीपमाला बालड़ का इस जमीन से जुड़ा लालच यह था कि यह जमीन उनकी फैक्ट्री सनसिटी

### आइए जानते हैं पूरा मामला क्या है?

आर्ट एक्सपोर्टस कंपनी के पास स्थित है और भविष्य में वह अपनी फैक्ट्री सनसिटी आर्ट एक्सपोर्ट कंपनी को और ज्यादा विस्तार रूप दे सकते हैं और सबसे बड़ी बात ये कि जोधपुर पाली हाईवे पर स्थित यह ज़मीन आज के समय में करोड़ों अरबों रुपए की हो गई है। 2004 में पूरी बदनियति, जालसाजी और धोखाधड़ी से पुष्पचन्द संचेती और बालड़ परिवार ने न्यायालय को गुमराह करते हुए न्यायालय के माध्यम से ही यह ज़मीन अपने हक में करवा ली। सुशील बालड़, मुकेश बालड़ और दीपमाला बालड़ जो कि मदनलाल बालड़ के पुत्र और पुत्रवधू हैं उनके नाम यह जमीन हो गई।

सबसे बड़ी बात यह है कि 63 लोग इस बात से अनभिज्ञ रहे। वे अपने हक़ के लिए लगातार कोर्ट में जाते रहे लेकिन कोर्ट के चक्कर लगाते-लगाते यह मासूम परिवार धराशाही हो गए और इसी का फायदा रसूखदार और पैसे के दम पर बालड़ परिवार ने उठाया और इनको एक एक कर तोड़ दिया।

**आज भी यह खसरा नंबर 310 का विवाद 18 बीघा 5 बिस्वा न्यायालय में लंबित है लेकिन बालड़ परिवार को न्यायालय के गलियारों से कोई शिकायत नहीं क्योंकि धन,बल और समय भरपूर रूप से उनके पास में है बालड़ परिवार के सुपुत्र सुशील बालड़,मुकेश बालड़ कहते हैं जिंदगी भर लड़ लेंगे इस जमीन के लिए और इसी के साथ कहते हैं कि शासन,प्रशासन,कोर्ट,वकील, गुंडे मवाली सब हमारे हैं हम जैसा चाहे वैसा फैसला करवा ही लेंगे लेकिन 63 परिवारों के पास पैसा तो छोड़ समय भी नहीं बचा है अब न्यायालय के चक्कर लगाने का। कई पीड़ित शोषित प्रकरण न्यायालय के गलियारों में दम तोड़ते रोज़ देखे जा सकते हैं। न्यायालय की जटिलता और लंबी प्रक्रिया आम आदमी की हिम्मत तोड़ने के लिए काफ़ी है।**

हिलव्यू समाचार की ख़बर का असर

# C -60 साकेत कॉलोनी, आदर्श नगर बिल्डिंग पर हुई सीज़र की कार्यवाही

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर।** हिलव्यू समाचार ने अप्रैल 2023 से कई बार लगातार C-60,साकेत कॉलोनी आदर्श नगर की ख़बर प्रकाशित की थी और साथ ही डिजिटल चैनल पर ख़बर भी चलाई थी मगर निगम नींद में रहा लगातार किंतु आयुक्त अभिषेक सुराणा और उपायुक्त युगान्तर शर्मा के संज्ञान में मामला आते ही त्वरित कार्यवाही कर नोटिस जारी किए गए और आख़िरकार दो दिन पूर्व आदर्शनगर जोन नगर निगम ने बड़ी मुस्तेदी के साथ सीज़र की कार्यवाही कर दी। ज़ीरो सेटबैक,बिना भू रूपांतरण करवाये, रेजिडेंशियल में



सीज हुई अवैध बिल्डिंग C-60, साकेत कॉलोनी, आदर्श नगर

पूर्णतया कॉमर्शियल निर्माण बिना नगर निगम अनुमति के चल रहा था और तो और ज़ीरो सेटबैक पर निर्माण पूर्ण हुआ। बेसमैंट और पेंटहाउस भी बनाये गए। जिस पर हिलव्यू समाचार ने लगातार आदर्श नगर जोन नगर निगम को चेताया और खबरें प्रकाशित कीं। अंततः ख़बर का असर हुआ और C-60 साकेत कॉलोनी सीज कर दी गयी। यह सीजर केवल अनियमितताओं या कमियों की वजह से ही नहीं होते बल्कि आम जनता को सतर्क करने के लिए भी होते हैं कि वे सोच समझ और जाँच परखकरकर ही अपना आशियाना खरीदें।

## आदर्शनगर जोन नगर निगम हैरीटेज ने सीजर की दोहरी कार्यवाही क्यों की?

**शालिनी श्रीवास्तव**

**जयपुर (हिलव्यू समाचार)।** प्लॉट 586 बीस दुकान के कॉर्नर के आधे अवैध निर्माण को सीज किया और आधे बहुमंजिला निर्माण,ज़ीरो सेटबैक और बड़े बड़े बेसमैंट को नज़रअंदाज़ कर दिया?

इसी के सामने दुकान नंबर 5-6 पर भी छत पर अवैध निर्माण चल रहा है जबकि बीस दुकान की दुकानों की छत पर निर्माण कार्य या आवास नहीं बनाया जा सकता है।

आदर्शनगर जोन नगर निगम हैरीटेज लगातार शानदार कार्यवाही कर रहा है लेकिन इसी के साथ




प्लॉट नं. 586 का आधा भाग जिसे निगम ने अवैध कमर्शियल निर्माण व ज़ीरो सेटबैक पर सीज किया।

इसकी दोहरी नीति आम जनता में आदर्शनगर जोन के अधिकारियों व कमर्चारियों को कटघरे में खड़ा कर रही है क्योंकि एक ही प्लॉट पर होते



प्लॉट 586 का पिछला भाग जिसे निगम ने सीज नहीं किया।

दो अवैध निर्माण लेकिन एक पर सीजर की बिना नोटिस दिये कार्यवाही और एक को बिल्कुल छूट सड़क पर अतिक्रमण कर अवैध निर्माण करने की। आख़िर नगर निगम इस तरह की कार्यवाही क्यों करता है। निगम हैरीटेज आदर्शनगर जोन के उपायुक्त युगान्तर शर्मा को इस तरह के मामलों में स्वयं को संज्ञान लेने की आवश्यकता है अन्यथा आदर्शनगर जोन नगर निगम की छवि आम जनता में दोहरी और संदिग्ध प्रमाणित हो रही है।



सम्पादकीय

# भारत के आंतरिक मामले में नसीहत न दें यूएस-जर्मनी

भारत के आंतरिक मामले में किसी भी देश को न दखल देना चाहिए और न ही टीका-टिप्पणी करनी चाहिए। हाल में दिल्ली शराब नीति घोटाले में सीएम अरविंद केजरीवाल की ईडी की ओर से की गई गिरफ्तारी पर पहले जर्मनी व उसके बाद अमेरिका ने जिस तरह टिप्पणी की वह एक संप्रभु राष्ट्र के आंतरिक मामलों में दखल जैसा है। मौजूदा राजग सरकार की नीति भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो ऑलरेंस की रही है। भारतीय राजनीति में कदाचार आजादी के वक्त से रहा है, व्यक्तिगत व नीतिगत दोनों स्तर पर सरकारों में भ्रष्टाचार का अतीत रहा है। सत्ता पक्ष नीतिगत परिवर्तन कर चहेतों को फायदा पहुंचाता रहा है। करप्शन के मामले उजागर भी होते रहे हैं, लेकिन वर्तमान में सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिक कठोर है। चूंकि करप्शन के खिलाफ ईडी के एक्शन अधिकांश विपक्षी नेताओं के खिलाफ हैं, इसलिए ऐसा प्रतीत हो रहा है कि ईडी सरकार के इशारे पर सिलेक्टिव होकर काम कर रहा है, जबकि वास्तविता में ऐसा नहीं है। आजादी के बाद से राजनीतिक दलों के अधिकांश नेता 'कांग्रेस कल्चर' फलित-फूलित हैं, ऐसे में नीतिगत भ्रष्टाचार उनके लिए बड़ा मुद्दा नहीं लगता है, जबकि मौजूदा मोदी सरकार व्यक्तिगत और नीतिगत दोनों प्रकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ काम कर रही है, इसलिए जद में नेता व अफसर दोनों हैं। मोदी सरकार के कार्यकाल में सैकड़ों भ्रष्ट व सुस्त अफसरों की छुट्टी हुई है, भ्रष्टाचार के लूपहोल्स वाली तमाम स्कीमों का पोस्टमार्टम हुआ है, स्कीमस् को पारदर्शी बनाए गए हैं, भ्रष्टाचार कर भागने वालों पर कानून शिकंजा कसा गया है और अब वे नेता रडार पर हैं, जो व्यक्तिगत या नीतिगत भ्रष्टाचार के आरोपित हैं। भारत में भ्रष्टाचार के खिलाफ ईडी, सीबीआई आदि की कार्रवाई पर अमेरिका व जर्मनी जैसे राष्ट्र को सतही प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए। भ्रष्टाचार के खिलाफ एक्शन न ही राजनीति से प्रेरित है और न ही लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने के मकसद से है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और बड़ी बात है, जब जब सत्ता पक्ष की ओर से लोकतंत्र के खिलाफ कोई प्रयास हुआ है, तो जनता ने कड़ा प्रतिकार किया है। कांग्रेस के समय आपातकाल के दौरान ऐसा ही देखने को मिला था। भारत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी की टिप्पणी को लेकर अमेरिका की एक वरिष्ठ राजनयिक को तलब किया और कड़ा विरोध दर्ज कराया है। ऐसे ही जर्मनी के प्रति भारत कर चुका है। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह 28 मार्च तक एजेंसी की हिरासत में हैं। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति बनाने और लागू करने में कथित भ्रष्टाचार और धनशोधन से संबंधित है। इस नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। खुद अमेरिका ने इराक में क्या किया, अफगानिस्तान में क्या किया? जो बाइडन की सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ जांच की। अमेरिकी करतूतों के अनेक उदाहरण हैं, जो मानवाधिकार से लेकर लोकतंत्र तक के खिलाफ हैं। अमेरिका कश्मीर मामले में भी मध्यस्थ बनने की अनर्गल पेशकश कर चुका है, जिसे भारत ठुकरा चुका है। अमेरिका व जर्मनी भारत के आंतरिक मामले की चिंता न करें और किसी प्रकार की टीका टिप्पणी न करें, दोनों मुल्कों के साथ भारत के अच्छे संबंध हैं, ये बने रहें।



राजनीति
प्रमोद भार्गव

# जाति गणना कांग्रेस परंपरा के विरुद्ध

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी जातिवार गणना कराने का बिगुल फूंकने में लगे हैं, वहीं कांग्रेस के नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने इस मुद्दे पर असहमति जताई है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर साफ किया है कि जातीय गिनती कराया जाना इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की विरासत का अनादर है। शर्मा ने जाति पर कांग्रेस के ऐतिहासिक रुख को इंगित करने के लिए इंदिरा गांधी के 1980 में लगाए नारे, 'न जात पर न पात पर मोहर लगेगी हाथ पर' को याद किया। उन्होंने यह भी बताया कि 1990 में प्रधानमंत्री रहते हुए राजीव गांधी ने जातिवाद के निर्मूलन को चुनावी मुद्दा बनाया था।**

एक तरफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी जातिवार गणना कराने का बिगुल फूंकने में लगे हैं, वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने इस मुद्दे पर असहमति जताई है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर साफ किया है कि जातीय गिनती कराया जाना इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की विरासत का अनादर है। शर्मा ने जाति पर कांग्रेस के एतिहासिक रूख को इंगित करने के लिए इंदिरा गांधी के 1980 में लगाए नारे, 'न जात पर न पात पर मोहर लगेगी हाथ पर' को याद किया। उन्होंने यह भी बताया कि 1990 में प्रधानमंत्री रहते हुए राजीव गांधी ने जातिवाद के निर्मूलन को चुनावी मुद्दा बनाया था। अतएव इस परंपरा से पीछे हटना इंदिरा और राजीव की विरासत के अपमान के रूप में समझा जाएगा। परतंत्रता के दौरान फिरंगी हुकूमत ने पहली बार जातिवार गिनती कराई थी, लेकिन स्वतंत्र भारत में नेहरू जी जब प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने इसकी जरूरत को सिरे से नकार दिया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जोर-शोर से बिहार में केंद्र सरकार की इच्छा के विरुद्ध जातीय गणना कराई थी। तभी से राहुल गांधी समेत इंडिया गठबंधन ने इसे मुद्दा बनाकर पूरे देश में जातिवार गाणना कराने की मांग शुरू कर दी है। लेकिन अब उन्हीं नीतीश कुमार ने राजग गठबंधन में शामिल होकर इस मांग को हशिए पर डाल दिया है। कर्नाटक की पिछली कांग्रेस सरकार ने भी जातीय सर्वेक्षण कराया था, लेकिन उसके आंकड़े आज तक सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। यह गिनती इतनी जरूरी है तो राहुल इसी के आंकड़े क्यों उजागर करवा रहे? कर्नाटक में तो उन्हीं की कांग्रेस सरकार है।

यह तथ्य अपनी जगह ठीक हो सकता है कि जाति, शिक्षा और आर्थिक आधार पर एकत्रित आंकड़े जनकल्याणकारी योजनाओं को अमल करने में मदद करते हैं। इसलिए जातिगत आरक्षण का प्रतिशत भविष्य में बढ़ाया जा सकता है ? नीतियां बनाने में भी जातीय गिनती की रिपोर्ट को अमल में लाया जा सकता है। लेकिन आरक्षण को लेकर समाज में जो दुविधाएं और कुंठाएं पनप रही हैं, वहीं परिणति जाति आधारित गणना में भी देखने को मिल सकती है ? क्योंकि आरक्षण का आधार तो जाति आधारित गिनती ही है। देश के सभी राजनीतिक दल जातीय समीकरण के आधार पर ही चुनाव में टिकट बांटते हैं। सपा, बसपा, राजद, जदयू जाति आधारित और असदुद्धीन ओवैसी का दल एआईएमआईएम संप्रदाय आधारित हैं। इस लिहाज से यह कहना गलत नहीं लगता कि जातीय गिनती से समाज की संरचना दूषित होगी ? वर्तमान में अनुसूचित जातियों और जनजातियों की गिनती जातीय आधार पर ही होती है, फिर भी जातीय ताना-बाना अपनी जगह बदस्तूर है। नीतीश कुमार ने तो अति-पिछड़ी और अति-दलित जातियों के विभाजन के आधार पर ही जदयू का वजूद कायम किया हुआ है। भाजपा अब इसमें सेंध लगा रही है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में पिछड़ों का ही वर्चस्व है। स्वयं मोदी इसी वर्ग से आते हैं। इसी वर्ग के एचडी देवगौड़ा भी प्रधानमंत्री रह चुके हैं।

नब्बे के दशक में वीपी सिंह के प्रधानमंत्री रहते हुए जब मंडल आयोग की सिफारिशें लागू की थीं, तब से जातीय गणना की मांग तीव्रता से उठती रही है। बिहार समेत



अन्य प्रांतों से यह मांग भिन्न विचारधारा वाले राजनीतिक दल उठाते रहे हैं। दरअसल मंडल के बाद मुलायम सिंह, लालू प्रसाद, शरद यादव और नीतीश कुमार ने इस राजनीति को धार दी। इसी का परिणाम निकला कि उत्तर-प्रदेश और बिहार में यह राजनीति कांग्रेस को बेदखल करके उत्कर्ष के चरम पर पहुंची। डॉ राममनोहर लोहिया की समाजवादी वैचारिकता से उदय हुई इस राजनीति का नारा है कि 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।' हालांकि इन्हीं मांगों के चलते 2011 की जनगणना के साथ अलग से एक प्रारूप पर सामाजिक, आर्थिक और जाति आधारित जनगणना की गई थी। किंतु मूल जनगणना के साथ की गई इस गिनती के आंकड़े न तो मनमोहन सिंह सरकार ने उजागर किए और न ही नरेंद्र मोदी सरकार ने?

इस तरह की गणना की मांग करने वाले नेताओं का कहना है कि इसके निष्कर्श से निकले आंकड़ों के आधार पर जिन जातियों की जितनी संख्या है, उस आधार पर कल्याणकारी योजनाओं के साथ सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ मिले? लेकिन यदि हमारे नीति-नियंताओं में जरा भी दूरदृष्टि है तो पहले, इस विषय पर एक राष्ट्रीय वर्ष्श कराएं और फिर इससे निकले निष्कर्श पर अमल करें। दरअसल, जातिगत जनगणना एक ऐसा मुद्दा है, जिसमें सतह पर तो खूबियां दिखाई देती हैं, लेकिन अनेक डरावनी आशंकाएं भी इसके गर्भ में छिपी हैं। बहरहाल आनन-फानन में ऐसे गंभीर मुद्दे पर कोई आसान निर्णय भविष्य में कठिन साबित हो सकता है? हालांकि भारत में 1931 की जातिगत जनगणना के आधार पर यह अनुमान लगाया गया था कि पिछड़े वर्ग की आबादी 52 फीसदी है, जिसे इस गणना के पैरोकार 60 फीसदी तक मानते हैं। 2011 में जिलेवार जातियों का नमूने के आधार पर पिछड़ेपन का आकलन किया गया था, लेकिन इसके नतीजे विसंगतिपूर्ण देखने में आए। निष्कर्शतः कोई जाति एक जिले या एक प्रांत में पिछड़ी थी, तो वही जाति दूसरे प्रांत में समाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप में सक्षम व संपन्न थी। राजस्थान में मीणा समुदाय, जहां समर्थ है, वहीं मध्य-प्रदेश में पिछड़ा है। इस कारण मध्य-प्रदेश में यह जाति आरक्षण के दायरे में आती है। साफ है, जातिगत गणना के परिणामों को संख्याबल के आधार पर आरक्षण दिया जाता है तो समाज में विषमता के साथ कटुता भी उत्पन्न होगी।

जातिगत आरक्षण के संदर्भ में संविधान के अनुच्छेद 16 की जरूरतों को पूरा करने के लिए आरक्षण की व्यवस्था है। लेकिन आरक्षण किसी भी जाति के समग्र उत्थान का मूल कभी नहीं बन सकता ? क्योंकि आरक्षण के सामाजिक सरोकार केवल संसाधनों के बंटवारे और उपलब्ध अवसरों में भागीदारी से जुड़े हैं। इस आरक्षण की मांग शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार और अब ग्रामीण अकुशल बेरोजगारों के लिए सरकारी योजनाओं में हिस्सेदारी से जुड़ गई हैं। निजी क्षेत्र में भी आरक्षण देने की मांग की जा रही है। परंतु जब तक सरकार समावेशी आर्थिक नीतियों को अमल में लाकर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक नहीं पहुंचती, तब तक पिछड़ी या निम्न जाति अथवा आय के स्तर पर पिछले छोर पर बैठे व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार नहीं आ सकता।

एक समय आरक्षण का सामाजिक न्याय से वास्ता जरूर था, लेकिन सभी जाति के लोगों द्वारा शिक्षा हासिल कर लेने के बाद जिस तरह से देश में शिक्षित बेरोजगारों की फौज खड़ी हो गई है, उसका कारगर उपाय आरक्षण जैसे चुक गए औजार से संभव नहीं है? लिहाजा सत्तारूढ़ दल अब सामाजिक न्याय से जुड़े सवालों के समाधान रोजगार के नए अवसरों का सृजन कर निकालेंगे तो बेहतर होगा ? यदि वोट की राजनीति से परे अब तक दिए गए आरक्षण के लाभ का ईमानदारी से मूल्यांकन किया जाए तो साबित हो जाएगा कि यह लाभ जिन जातियों को मिला है, उनका समग्र तो क्या आआंशिक कायाकल्प भी नहीं हो पाया? कांग्रेस जाति गणना के विरोध में रही है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

कड़वे बोल
बाल मुकुन्द ओझा



# ऊल-जलूल और विवादित बयानों से न बिगड़े फ़िज़ा

देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही मौसमी गर्मी के संग चुनाव प्रचार की गर्मी देश भर में प्रचंड रूप लेने जा रही है। इसी के साथ नेताओं के विवादित, अभद्र और शर्मसार करने वाले बयानों ने भाषा की मर्यादा को तार तार करके रख दिया है। नेता लोग अक्सर चर्चा में रहने के लिए ऊल-जलूल और समाज में कटुता फैलाने वाले बयान देते रहते हैं। चुनावों के दौरान गंदे बोलों से चुनावी बिसात बिछ जाती है। कांग्रेस की एक प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मंडी से भाजपा प्रत्याशी और अभिनेत्री कंगना रनौत पर बेहद विवादस्पद टिप्पणी कर आग में घी डालने का कार्य किया है। भ्रष्टाचार के आरोपों में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल इस समय ईडी की हिरासत में है। केजरीवाल की पार्टी आप के नेताओं ने इस गिरफ़्तारी से बौखलाकर प्रधानमंत्री पर जिस भाषा में आरोप प्रत्यारोपों की बौछारे शुरू की है वह निश्चय ही लोकतंत्र के लिए घातक है। तमिलनाडु के नेता लगातार अभद्र बयान दे रहे है। वहीं कांग्रेस के नेता यह कहने लगे है तानाशाह मोदी जीत गए तो यह आखिरी चुनाव होगा। मोदी के परिवार को लेकर पहले ही अभद्र टिप्पणियां मीडिया में सुर्खियां लिए हुए है।

कुछ सियासी नेताओं ने तो लगता है विवादित बयानों का ठेका ले रखा है। कई नेताओं पर विवादित बयानों पर मुक़दमे भी दर्ज हुए। कुछ को न्यायालय से सजा भी मिली। मगर इसका उनपर कोई फर्क नहीं पड़ा। विवादित बयानबाजी के कारण सुर्खियों में रहना नेताओं को शायद आनंद देने लगा है। देश के न्यूज चैनलों और सोशल मीडिया पर नफरत और घृणा के बादल मंडरा रहे हैं। नफरत और घृणा के इस महासागर में सभी सियासी पार्टियां डुबकी लगा रही है। न्यूज चैनलों पर विभिन्न सियासी दलों के प्रतिनिधि जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग करते हैं, उन्हें देखकर लगता नहीं है कि यह गाँधी, सुभाष, नेहरू, लोहिया और अटलजी का देश है। देश की सर्वोच्च अदालत कई बार इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर नियामकीय नियंत्रण की कमी पर अफसोस ज़ाहिर कर चुकी है । सुप्रीम कोर्ट ने नेताओं के भाषण और टीवी चैनलों को नफरती भाषण फैलाने का जिम्मेदार ठहराया है। सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच मामले में कई बार टेलीविजन चैनलों को जमकर फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि टेलीविजन चैनल समाज में विभाजन पैदा कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि टीवी चैनल ऐसे एजेंडे से संचालित होते हैं, जो विभाजन पैदा करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि टीवी चैनल सनसनीखेज न्यूजों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं और अपने धनदाताओं (मालिकों) के आदेश के अनुसार काम करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नफरत फैलाने वाली बातें एक 'बड़ा खतरा हैं और भारत में स्वतंत्र एवं संतुलित प्रेस की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि एंकरों और न्यूज़ चैनल के प्रबंधकों के खिलाफ कार्रवाई हो तो सब लाइन पर आ जाएंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि आजकल सब कुछ टीआरपी से संचालित होता है और चैनल एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं तथा समाज में विभाजन पैदा कर रहे हैं।

पिछले दो दशक से गंदे और विवादित बोल बोले जा रहे है। नेताओं के बयानों से गाहे बगाहे राजनीति की मर्यादाएं भंग होती रहती है। अमर्यादित बयानों की जैसे झड़ी लग जाती है। राजनीति में बयानबाजी का स्तर इस तरह नीचे गिरता जा रहा है उसे देखकर लगता है हमारा लोकतंत्र तार तार हो रहा है। जिस तरह से एक के बाद एक नेता विवादित बयान दे रहे हैं, उसकी वजह से चुनावी माहौल में सरगर्मी बढ़ गई है। विवादित बयान देने में कांग्रेस और भाजपा सहित कोई भी नेता पीछे नहीं है। कहते हैं राजनीति के हमाम में सब बयानवीर हैं। यहाँ तक तो ठीक है मगर बयानों का नंगापन हमाम से निकलकर बाजार में आ जाये तो फिर भगवान ही मालिक है। सियासत में विवादास्पद बयान को नेता भले अपने पॉपुलर होने का जरिया मानें, लेकिन ऐसे बयान राजनीति की स्वस्थ परंपरा के लिए ठीक नहीं होते। हमारे नेता आजकल अक्सर ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे हमारा सिर शर्म से झुक जाता है। देश के नामी-गिरामी नेता और मंत्री भी मौके-बेमौके कुछ न कुछ ऐसा बोल ही देते हैं, जिसे सुनकर कान बंद करने का जी करता है। ऐसे में केंद्रीय चुनाव आयोग को चाहिए कि बदरंग बयान देकर सामाजिक व सांस्कृतिक फिजा बिगाड़ने वाले बयानवीर नेताओं के खिलाफ कठोर एक्यान लें। वुनाव आयोग ने अपनी गाइडलाइन में नेताओं को नफरती बयानों से बचने की हिदायत दी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## ग़लत सोच का चश्मा जल्दी उतार देना चाहिए



संकलित
दर्शन

जब सोच निषेधात्मक या गलत होती है, तब वह सुख को भी दुख में परिवर्तित कर देती है। गलत सोच का चश्मा जितनी जल्दी हो, उतार देना चाहिए। बुरे विचार जितना दूसरों का नुकसान करते हैं, उतना ही स्वयं का भी करते हैं। कारण अपनी ही सुरक्षा को लेकर डरा दिमाग ढंग से नहीं सोच पाता। हम स्वार्थी हो जाते हैं, केवल अपने बारे में ही सोचते हैं। कहा गया है कि आपके विचार वहां तक ले जाते हैं, जहां आप जाना चाहते हैं। पर कमजोर विचारों में दूर तक ले जाने की ताकत नहीं होती। हम जो हैं वह सब विचारों का फल है। जो हम सोचते हैं, वही बन जाते हैं। मनुष्य अपने कार्यों से दूसरों को नुकसान पहुंचाता है और अपने विचारों से स्वयं को। गलत सोच एवं अनैतिक कार्यों में लिप्त लोगों को धनवान और प्रतिष्ठित होते देख आदमी में नकारात्मक चिंतन जागता है। अपनी ईमानदारी उसे मूर्खतापूर्ण लगती है। वह पुनर्चिंतन करता है-क्या मिला मुझे आदर्शों पर चलकर? यह नकारात्मक चिंतन उसे भी गलत सोच के दलदल में उतार देता है। समाज में भ्रष्ट और बेईमान लोगों की उत्पत्ति इसी तरह के गलत विचारों के संक्रमण से हुई। इस तरह का गलत सोच हमारी दुनिया को छोटा कर देता है। भीतर और बाहरी दोनों ही दुनिया सिमट जाती हैं। तब हमारी छोटी-सी सफलता अहंकार बढ़ाने लगती है। थोड़ा-सा दुख अवसाद का कारण बन जाता है। कुल मिलाकर सोच ही गड़बड़ हो जाता है। अपने ही बोले हुए को सुनते रहना ज्यादा सीखने नहीं देता। हमारा चिंतन गुणों की ओर केंद्रित रहना चाहिए।

## सेवा का समर्पण भाव



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती।

तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। बिना सोचे समझे पहले ही किसी पर अपनी नाराजगी जाहिर करना ठीक नहीं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### लोकतंत्र की रक्षा का सुंदर प्रयास

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने एक शानदार निर्देश देते हुए देश के सभी राजनीतिक दलों को यह आदेश दिया है कि जिस प्रत्याशी को भी वह संसद के लिए अपना उम्मीदवार बना रहे हैं उसका सारा आपराधिक रिकार्ड, अगर वह अपराधी है, तो चुनाव आयोग को भेजा जाए और साथ ही यह सारी जानकारी सोशल मीडिया तथा समाचार पत्रों के माध्यम से जनता को दी जाए। यह भी कहा गया है कि यह कारण बताया जाए कि आखिर आपराधिक छवि वाले को टिकट क्यों दिया गया। इस आदेश को लागू करने की सारी जिम्मेवारी चुनाव आयोग को सौंपी गई है और यह भी कहा गया है कि इस आदेश का अगर पालन नहीं किया गया तो राजनीतिक पार्टियों पर सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन का केस बनाया जाएगा।

- **मोहन वर्मा**, रायगढ़

## ट्रेंड

### गरबा की वैश्विक लोकप्रियता

गरबा जीवन, संस्कृति और भक्ति का उत्सव है। यह लोगों को एक साथ लाता भी है। यह जानकर खुशी होती है कि गरबा की वैश्विक लोकप्रियता बढ़ रही है! कुछ समय पहले, गरबा को यूनेस्को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में जगह मिली।



-नरेन्द्र मोदी, पीएम

### विनम्र श्रद्धांजलि

रामकृष्ण मिशन के पूज्य अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद जी महाराज का निधन अत्यंत दु:खद और आध्यात्मिक जगत की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उनके अनुयायियों और परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।



-योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी

### रोजगार नहीं दे सकती भाजपा

देश का हर युवा समझ चुका है कि भाजपा रोजगार नहीं दे सकती। भारत के कुल कार्यबल में जितने बेरोजगार हैं, उनमें 83 प्रतिशत युवा हैं। कुल बेरोजगारों में शिक्षित युवाओं की हिस्सेदारी 2000 में 35.2 प्रतिशत थी। 2022 में यह 65.7 प्रतिशत है।



-प्रियंका गांधी, कांग्रेस नेता

### सभी दलों में परिवारवाद

वंशवादी राजनीति भारत की संस्कृति का हिस्सा है। यह पश्चिम की तुलना में भारत में सामान्य बात है कि एक पिता अपने बेटे से अपने पेशे का अनुसरण करने की अपेक्षा करता है और यह ऐसे ही चलता रहता है। सभी दलों में किसी न किसी स्तर का परिवारवाद, वंशवाद है, भाजपा में भी।



-शशि थरूर, कांग्रेस सांसद

## करंट अफेयर

# पेंटागन का इजराइल से लोगों की रक्षा का आग्रह

अमेरिका के रक्षा क्षेत्र के अधिकारियों ने इज़राइल के अपने समकक्षों से मंगलवार कोकहा कि दक्षिणी शहर रफह में कोई भी सैन्य अभियान आम नागरिकों की सुरक्षा और सहायता वितरण को ध्यान में रखते हुए चरणबद्ध तरीके से किया जाए। अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इज़राइल के रक्षा मंत्री ने इस बात को सुना लेकिन यह साफ नहीं है कि इस बैठक का गाज़ा के लिए इज़राइल की योजना और दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव पर क्या असर पड़ेगा।



अमेरिकी नेता रफह में ज़मीनी हमले के खिलाफ लगातार चेता रहे हैं और वैकल्पिक और सटीक लक्ष्य साधकर अभियान चलाने पर जोर दे रहे हैं। वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने पेंटागन में हुई 90 मिनट की बैठक को बहुत ही सार्थक और विचारपूर्ण बताया, लेकिन जब उनसे पूछा गया कि क्या रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने गाज़ा में मानवीय स्थिति में सुधार की शर्त पर इज़राइल को भविष्य में अमेरिकी सैन्य सहायता देने की बात कही है तो उन्होंने इस पर आपत्ति जताई। अधिकारी के मुताबिक, ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका सशस्त्र संघर्ष और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के अनुसार इज़राइल के अपनी रक्षा के अधिकार का समर्थन करना जारी रखेगा।

## ऑफ बीट

# वॉर्म मून क्या है, यह वसंत की शुरूआत का प्रतीक है

उत्तरी गोलार्ध में सर्दियों की अंतिम पूर्णिमा का चंद्रमा जिसे वॉर्म मून कहा जाता है 25 मार्च को दिखाई दिया। इसका नाम मूल अमेरिकियों के कारण पड़ा, जो



जाती सर्दियों में मिट्टी पर केंचुओं के रेंगने से बने निशान से सर्दियों के अंत का जश्न मनाते थे। पूर्णिमा के सामान्य नाम आमतौर पर मौसमी जानवरों, रंगों या फसलों से आते हैं: वुल्फ मून, पिंक मून, हार्वेस्ट मून। लेकिन वॉर्म मून अपना महत्व खो रहा है, क्योंकि जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया के अधिकांश हिस्सों में गर्मियां बढ़ रही हैं और सर्दियां कम हो रही हैं। मैं तीन दशकों से अधिक समय से केंचुआ वैज्ञानिक रहा हूं, और हाल ही में, मैं उन महीनों में सतह पर कीड़ों के लक्षण देख रहा हूं जब वे निष्क्रिय हुआ करते थे। यह पता लगाने के लिए कि वॉर्म मून कैसे बदल रहा है, हम एक विशेष केंचुए की प्रजाति (लुमब्रिकस टेरेसट्रिस, उर्फ द ड्यू वॉर्म, नाइटक्रॉलर या लोब वॉर्म) को देख सकते हैं, जिसे ट्रैक करना असामान्य रूप से आसान है। कभी-कभी इसे सामान्य केंचुआ भी कहा जाता है, यदि आपको बगीचे में कोई बड़ा वॉर्म दिखाई देता है, तो संभावना है कि यह इसी प्रजाति का वॉर्म है। अधिकांश वॉर्म अपना अधिकांश जीवन भूमिगत बिताते हैं, लेकिन ओस का वॉर्म अपनी गहरी बिल को लगभग पूरी तरह से छोड़ देता है, अपने निशान अंदर छोड़ देता है।

हिलव्यू समाचार
राजधानी
जयपुर, गुरुवार, 28 मार्च 2024


## एक नजर

### भाजपा एसटी मोर्चा कार्यसमिति की हुई घोषणा



**जयपुर**। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के निर्देशानुसार एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष नारायण मीणा की सहमति से अनुसूचित जनजाति मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति सदस्यों की घोषणा की गई है। इस टीम में कमल मीणा, सुभाष मीणा भरतपुर, जय सिंह मीणा, जल सिंह मीणा, दुदाराम गमेती, राधा गोविंद करोल सहित 42 सदस्यों की घोषणा की गई है। एसटी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री शेर सिंह मीणा ने बताया कि प्रदेश कार्य समिति के नवनियुक्त सदस्य अपने-अपने क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन 400 पार में अहम भूमिका निभाएंगे और जनजाति इलाकों में केंद्र की जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में आमजन को अवगत करायेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने प्रदेश की जनता को अनेक सौगातें दी है। कार्यकर्ता मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं।

### हैदराबाद-जयपुर ट्रेन की संचालन अवधि बढ़ाई

**जयपुर**। रेलवे प्रशासन की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए हैदराबाद-जयपुर-हैदराबाद साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा की संचालन अवधि में विस्तार किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 07115/07116, हैदराबाद-जयपुर-हैदराबाद साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा की संचालन अवधि में हैदराबाद से 5 अप्रैल से 28 जून तक एवं जयपुर से 7 अप्रैल से 30 जून तक विस्तार किया जा रहा है।

### 200 लोगों ने लिया आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ



**जयपुर**। जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कायचिकित्सा विभाग में विश्व क्षय रोग दिवस पर दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन कुलपति प्रो. संजीव शर्मा एवं चिकित्सालय उपाधीक्षक डॉ. हरीश भाकुनी ने किया। उन्होंने बताया कि शिविर में सीबीसी, एक्स-रे और अन्य जांच करने के साथ रोगियों की स्क्रीनिंग की गई। जांच के साथ च्यवनप्राश, ब्रह्म रसायन ओर अन्य औषधि निःशुल्क दी गई। शिविर में 200 से अधिक लोगों ने आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ लिया।

---

**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव ने विभागीय समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

# गर्मी में पानी की कमी दूर करने के लिए विभाग ने कसी कमर

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। गर्मी के मौसम में लोगों को पेयजल किल्लत से बचाने के लिए विभाग ने अभी से कमर कस ली है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने कहा कि उपभोक्ताओं की पेयजल समस्या का तत्काल समाधान करने के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए।



साथ ही ग्रीष्म ऋतु में स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए नियमित रूप से मॉनिटरिंग किया जाना सुनिश्चित करें। जल की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए एवं जल जनित बीमारियों के लिए चिकित्सा विभाग से समन्वय किया जाए। शासन सचिव मंगलवार को शासन सचिवालय में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत 70 फीसदी से अधिक वाली ग्राम पंचायत में 100 फीसदी उपलब्धि प्राप्त करने के लिए विशेष प्रयास किए जाए। अगर इसमें किसी भी तरह की व्यवहारिक कठिनाई आती है तो इस पर समुचित कार्रवाई करते हुए निराकरण किया जाए। शर्मा ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में संवर्धन कार्य तथा विभाग की कार्य कुशलता में आवश्यक सुधार किया जाना सुनिश्चित करें। विभागीय बैठक में जल जीवन मिशन के एमडी बचनेश अग्रवाल, संयुक्त शासन सचिव (प्रथम) प्रवीण लेखरा, सहित विभाग के मुख्य अभियंता अतिरिक्त मुख्य अभियंता उपस्थित रहे।

### गुणवत्तापूर्ण हों जल जीवन मिशन के कार्य

शासन सचिव समित शर्मा ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जो कार्य किए जा रहे हैं उनकी गुणवत्ता की जांच के लिए नियमित रूप से पर्यवेक्षण एवं निगरानी सुनिश्चित की जाए। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को मैनपॉवर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टेट प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट, डिस्टिक प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट, थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एवं इंप्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी के माध्यम से नियुक्त कार्मिकों का समुचित उपयोग करने के निर्देश दिए।

### संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतें करें निस्तारित

शासन सचिव ने कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का शीघ्र ही निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि एमनेस्टी स्कीम के तहत उपभोक्ताओं को लाभ दिया जा रहा है या नहीं इसके बारे में जानकारी ली जाए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित हेड पंप एवं आरओ के बारे में संबंधित अधिकारी से जानकारी लेकर कहा कि वर्तमान में कितने खराब हैं एवं कितने चालू हैं इसकी आगामी बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

### कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

शासन सचिव शर्मा ने कहा कि विगत दिनों उदयपुर जिले के झाड़ोल उपखंड में प्रशासनिक अधिकारी द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यालय का निरीक्षण किया। जहां पर एक भी कार्मिक उपस्थित नहीं पाया गया। इस पर शासन सचिव ने संबंधित अधीक्षण अभियंता अधिशाषी अभियंता एवं सहायक अभियंता को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनुपयोगी जलस्रोत हैं, उनका पुनरुद्धार कर ग्रीष्म ऋतु में उपयोग करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए।

---

**प्रदेश चुनाव प्रभारी ने कलस्टर प्रभारियों व संयोजकों को सौंपा जिम्मा**

# मोदी सरकार की कल्याणकारी नीतियों को घर-घर तक पहुँचाएँ

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान प्रचार-प्रसार की समीक्षा सहित चुनाव प्रबंधन की रणनीति को लेकर मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान प्रदेश चुनाव प्रभारी डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने सभी लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव कार्यालय संचालन, मीडिया और सोशल मीडिया सहित सभी मोर्चों और प्रकोष्ठों की चुनाव में भूमिका पर उपस्थित पदाधिकारियों से सुझाव भी लिए।

चुनाव प्रबंधन के लिए बनी विभिन्न समितियों के कार्यों की विवेचना की और आगामी दिनों की कार्ययोजना के बारे में विस्तार से बताया। आगामी दिनों में राष्ट्रीय नेताओं के प्रवास, सामाजिक कार्यक्रमों का प्रबंधन, लोकसभा चुनाव कार्यालयों के प्रबंधन सहित अन्य कार्यों के लिए भी निर्देशित किया गया। इसके साथ ही सभी विभागों को एक-एक ब्लॉक आवंटित किये गए हैं। प्रदेश चुनाव प्रभारी डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि पूर्व में हमने लोकसभा कलस्टर प्रभारी एंव संयोजकों की संयुक्त बैठक ली थी। इसमें नवमतदाताओं से संपर्क करने और बूथ को मजबूत करने पर जोर दिया गया था। वहीं मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का जिम्मा सभी कलस्टर प्रभारियों और संयोजकों को दिया गया था। पीएम मोदी के 10 साल के कार्यकाल में देश में बहुत कुछ बदलाव हुआ है। गरीब को मान मिला है, महिला को सम्मान मिला और समाज के शोषित वंचित को अधिकार मिला है। जिसके चलते देशभर में भाजपा और पीएम मोदी के प्रति जनता में विश्वास बढ़ा है। हमें लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा करनी है, ताकि राजस्थान की सभी लोकसभा सीटों पर जीत की हैट्रिक बना सकें।




### टीम को मजबूती से कराना होगा काम

प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि मैने विधानसभा चुनावों में प्रदेश के चुनावों को नजदीक से देखा था। चुनाव प्रबंधन टीम ने एक सिपाही की तरह मुस्तैद रहकर काम किया और उसी के परिणामस्वरूप भाजपा ने डबल इंजन सरकार बनाई। लोकसभा चुनावों में भी पूरी टीम को मजबूती से काम करना होगा और प्रदेश की सभी 25 सीटों पर कमल खिलाना है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में अंत्योदय की धारणा से काम हुआ है। आज समाज के हर वर्ग का जीवन बेहद सरल हुआ है, गरीब, वंचित, महिला, युवा, किसान और दलित के हितों को ध्यान में रखते हुए काम हुए हैं। विशेष रूप से नव-मतदाताओं में चुनाव को लेकर आकर्षण है, इसलिए हमें प्रत्येक बूथ पर नवमतदाता को भाजपा की विचारधारा से जोड़ना होगा।

### कांग्रेस नेताओं का भाजपा में जाने का दौर जारी

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों के नेताओं का भाजपा में जाने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम मे सोमवार को बाड़मेर-जैसलमेर के कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी एंव प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी, जिलाध्यक्ष जैसलमेर चंद्रप्रकाश सहाडा भी उपस्थित रहे। सदस्यता ग्रहण करने के बाद सभी नेताओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। जैसलमेर विधायक छोटू सिंह भाटी के साथ आए सभी नेताओं ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। सभी ने लोकसभा चुनाव मे पूरी ताकत से पार्टी को विजय दिलवाने का संकल्प किया। इस अवसर पर जैसलमेर से नगरपरिषद सभापति हरि वल्लभ कल्ला, मोहनगढ़ के प्रधान कृष्ण मुकेश चौधरी, पूर्व प्रधान मूलाराम चौधरी, यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रहे मनोहर पाबडा ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बाड़मेर से राजस्थान विश्विद्यालय की पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रभा चौधरी, पूर्व जिला परिषद सदस्य और पूर्व बार अध्यक्ष करणाराम चौधरी, सहित सिद्धार्थ कड़वासरा और रमेश कड़वासरा ने सदस्यता ग्रहण की।

---

**कारण बुताओ नोटिस जारी**

# दवाएँ उपलब्ध नहीं होने पर 22 अस्पताल प्रभारियों पर गिरी गाज़



**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। प्रदेशभर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के दलों की ओर से लगातार अस्पतालों का निरीक्षण किया जा रहा है। इनमें दवाओं की अनुपब्लधता के बारें में कई शिकायतें अधिकारियों को मिल रही है। अब विभाग ने इन शिकायतों को बेहद गंभीरता से लिया है। विभाग ने शिकायत मिलने वाले 22 चिकित्सा संस्थानों के चिकित्सा संस्थानों के प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर, उपखंड अधिकारी, तहसीलदार एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा चिकित्सा संस्थानों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। राजकीय अस्पतालों में आवश्यक दवा सूची के तहत दवाओं की शत-प्रतिशत उपलब्धता रखने के लिए समय-समय पर निर्देश दिए गए हैं, लेकिन निरीक्षण के दौरान चौथी विजिट के बाद भी 22 चिकित्सा संस्थानों में कुछ दवाओं की अनुपलब्धता पाई गई। विभाग ने इसे गंभीरता से लेते हुए इन चिकित्सा संस्थानों के प्रभारी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि अजमेर, बारां, ब्यावर, भरतपुर, भीलवाड़ा, गंगापुर सिटी, जयपुर, जालोर, जोधपुर, केकड़ी, कोटा, राजसमंद, सांचोर एवं सीकर के एक-एक चिकित्सा संस्थान तथा बाड़मेर, बीकानेर, पाली एवं सिरोही के दो-दो चिकित्सा संस्थानों में कुछ दवाओं की अनुपलब्धता पाई गई। इन संस्थानों के प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

---

**प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में हुई कार्यकर्ताओं की बैठक**

# जयपुर की सीट जीतने पर की चर्चा

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव में जयपुर संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी प्रताप सिंह खाचरियावास के नामांकन से ठीक पहले जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई। इसमें एकजुटता और मजबूती के साथ जयपुर सीट पर लोकसभा चुनाव लड़ने पर मंथन किया गया।

वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा और लोकसभा चुनाव के लिए जुटने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रत्याशी प्रताप सिंह खाचरियावास ने मीडिया से बातचीत में एक वोट, एक नोट का नारा दिया। इस बैठक में आदर्श नगर विधायक रफीक खान, किशनपोल विधायक अमीन खान, पूर्व मंत्री बृजकिशोर शर्मा, हवामहल से विधानसभा चुनाव लड़े आरआर तिवाड़ी, सांगानेर प्रत्याशी पुष्पेंद्र भारद्वाज, विद्याधर नगर प्रत्याशी सीताराम अग्रवाल, मालवीय नगर प्रत्याशी अर्चना शर्मा और बगरू की पूर्व विधायक गंगादेवी भी मौजूद रहीं। इस दौरान प्रताप सिंह ने कहा कि वह चुनाव लड़ना नहीं चाहते थे, लेकिन पार्टी का आदेश आया तो परिवार को छोड़ा नहीं जाता। यह चुनौती बड़ी है, लेकिन लगता है कि यह चुनौती पार हो रही है। भाजपा घमंड में है और 400 पार का नारा दिया है, लेकिन जयपुर की जनता ने मुझे सड़कों पर लड़ते हुए देखा है। जयपुर के कांग्रेस के कार्यकर्ता साथ खड़े हुए हैं। जनता हमें जिताएगी तो जयपुर लोकसभा में दिखेगा। जयपुर की आवाज पूरे हिंदुस्तान में सुनाई देगी।

प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि जयपुर में इंस्पेक्टर राज खत्म करवाना है। ठेले-दुकान और फुटपाथ वाले गरीबों को उजाड़ने नहीं देंगे। जेडीए और नगर निगम की गुंडागर्दी बंद करवा देंगे। राज्य सरकार की गुंडागर्दी नहीं चलने देंगे। अरबन डवलपमेंट के नाम पर मकान-दुकानों का सीजर हो रहा है। उसे भी बंद करवाएंगे और यूडी टैक्स खत्म करेंगे। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की 10-12 सीटों पर कांग्रेस चुनाव जीत रही है।

---

**समाज को प्रतिनिधित्व नहीं देने पर जताई नाराज़गी**

# कांग्रेस पार्टी ने ब्राह्मणों का किया अपमान

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने कहा है कि ये बहुत ही दुर्भाग्य पूर्ण है कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस ने एक भी ब्राह्मण उम्मीदवार नहीं उतारा है। आजादी के बाद से आज तक हर बार राजनीतिक पार्टियां ब्राह्मण समाज को कम से कम 2 से 3 सीट पर प्रतिनिधित्व देती थी, लेकिन इस बार कांग्रेस पार्टी ने ब्राह्मण समाज का अपमान किया है।

पार्टी को पूरे प्रदेश में एक भी ब्राह्मण इस योग्य नहीं लगा कि उसे उम्मीदवार बनाया जा सके। यहां तक की जयपुर लोकसभा में एक ब्राह्मण उम्मीदवार बनाया गया, लेकिन उसे भी अपमानित करके टिकट वापस छीन लिया। मिश्रा ने कहा कि पूरा ब्राह्मण समाज इस बात से आहत है कि कांग्रेस के नेता पाकिस्तान जाकर भारत विरोधी बयान देते हैं। उनको कांग्रेस पार्टी सम्मानित करती है और ब्राह्मण समाज के व्यक्ति को अपमानित करके टिकट छीन लिया जाता है।




उन्होंने कहा कि राजस्थान में ब्राह्मण समाज की आबादी 1 करोड़ के आस-पास है तथा प्रत्येक गांव, तहसील, ढाणी में ब्राह्मण समाज के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं और ब्राह्मण सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। ऐसे ब्राह्मण समाज को राजनीतिक रूप से दरकिनार करना कांग्रेस को भारी पड़ेगा। ब्राह्मण समाज अपने हक के लिए लोकतंत्र में अपनी बात कहने के लिए कटिबद्ध है। प्रदेश में सभी लोकसभा क्षेत्रों में ब्राह्मण समाज हार-जीत का फैसला करेगा और इसके लिए एक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, अलवर, कोटा ब्राह्मण बाहुल्य सीटें हैं। यहां पर भी किसी ब्राह्मण उम्मीदवार पर चर्चा नहीं कि गई। इससे साफ जाहिर होता है कि कांग्रेस ब्राह्मणों को दरकिनार करना चाहती है। ऐसे में हमने तय किया है कि सर्व ब्राह्मण महासभा की अलग-अलग टोलियों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाएंगे और कांग्रेस का बायकाट करेंगे।

---

**होम वोटिंग को लेकर उत्साह**

# राजस्थान के 58 हजार से अधिक मतदाता घर से चुनेंगे देश की सरकार

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रदेश में 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग श्रेणी के विशेष योग्यजन मतदाताओं के लिए प्रदेश में पहली बार लोकसभा आम चुनावों में होम वोटिंग की पहल की गई है। इसके प्रति बुजुर्गों और दिव्यांगों में उत्साह देखा गया है।




अब तक करीब 58 हजार पात्र मतदाताओं ने घर से मतदान करने का विकल्प चुना है। यानि ये मतदाता घर से अपनी सरकार चुन सकेंगे। इनमें 43,638 वरिष्ठ नागरिक और 14,385 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। प्रदेश के सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा होम वोटिंग के लिए इच्छुक पात्र मतदाताओं के पंजीकरण का कार्य किया जा रहा है। लोकसभा क्षेत्रों के लिए अभ्यर्थियों के नाम तय हो जाने के बाद घर-घर जाकर मतदान करवाया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रथम चरण के मतदान वाले लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में होम वोटिंग के लिए 27 मार्च तक पंजीकरण किया जाएगा। अब तक 35,542 लोगों ने होम वोटिंग के लिए पंजीकरण कराया है।

### दूसरे चरण 14 से 21 अप्रैल तक होगी वोटिंग

गुप्ता ने बताया कि दूसरे चरण में जिन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा, वहां होम वोटिंग के लिए 2 अप्रैल तक आवेदन किया जा सकता है। अब तक करीब 22,500 पात्र मतदाओं ने पंजीकरण कराया है। इनमें 17,324 वरिष्ठ नागरिक और 5,222 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। निर्वाचक अधिकारी होम वोटिंग का विकल्प चयन करने वाले मतदाताओं की सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को 8 अप्रैल तक उपलब्ध कराएंगें। इसके बाद होम वोटिंग के विशेष मतदान दल गठित कर उनके प्रशिक्षण की सभी प्रक्रिया 13 अप्रैल तक पूरी कर ली जाएगी। होम वोटिंग के लिए मतदान प्रक्रिया 14 अप्रैल से शुरू होकर 21 अप्रैल तक चलेगी। किसी कारण से मतदाता के होम वोटिंग के लिए अनुपस्थित या वंचित रह जाने पर दूसरा दौर 22 से 23 अप्रैल के बीच होगा।

**विधानसभा चुनाव में 99 प्रतिशत हुआ था होम वोटिंग से मतदान:** प्रदेश में बीते दिनों विधानसभा आम चुनाव-2023 के दौरान होम वोटिंग में मतदान 99 प्रतिशत रहा था। करीब 61,424 मतदाताओं ने घऱ से मतदान किया था। इसमें 49,650 वरिष्ठ नागरिक (80 वर्ष से अधिक आयु) और 11,774 दिव्यांग शामिल थे। गुप्ता ने बताया कि यह सुविधा विकल्प के रूप में है। लोकसभा चुनाव के लिए होम वोटिंग की सुविधा ऐसे मतदाताओं को मिलती है, जो 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों हों या 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता श्रेणी के विशेष योग्यजन हों। इसके तहत बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर-घर जाकर होम वोटिंग की सुविधा के लिए योग्य मतदाताओं को इसके संबंध में जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है। पात्र मतदाता सुविधा का चयन करने के लिए फॉर्म 12-डी भरकर बीएलओ को देंगे।

## एक नजर

### तालाब से बॉल निकालने गए दो किशोरों की मौत



**अजमेर।** केकड़ी में तालाब से बॉल निकालने गए दो नाबालिगों की डूबने से मौत हो गई। सावर थाना प्रभारी सुमन चौधरी ने बताया कि सावर निवासी जिशान शेख (15) पुत्र मोहम्मद शरीफ, रिहान रजा (17) पुत्र तालिब हुसैन दोपहर में करीब 1 बजे बस स्टैंड के पीछे स्थित तालाब के पास खेल रहे थे। इस दौरान तालाब में उनकी बॉल चली गई। बॉल निकालते समय जिशान शेख का पैर फिसल गया और वह पानी में गिर गया। जिशान को बचाने के लिए रियान रजा भी पानी में उतर गया।

### सैनी समाज की बैठक में विवाह सम्मेलन पर चर्चा

**चाकसू।** सैनी समाज की ओर से सामूहिक विवाह सम्मेलन व मूर्ति अनावरण समारोह को लेकर बैठक आयोजित की गई। विधि सलाहकार भवानी शंकर अजमेरा व रामावतार सैनी ने बताया कि पहली बार विवाह सम्मेलन को लेकर माली समाज इतिहास रचने जा रहा हैं। इसको लेकर रामपुरा गांव स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले सैनी छात्रावास मे समाज की बैठक हुई। समिति के अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद अजमेरा ने बताया कि 17 अप्रैल को होने वाले विवाह सम्मेलन में प्रधानकुंड की बोली 1 लाख 51 हजार रुपए में रामकरण गुणिदिया व बद्रीनारायण गुणिदिया की छोड़ी गई। प्रधान कलश की बोली 72 हजार रुपए और प्रधान ध्वज की बोली 52 हजार रुपए भैरूराम बिलुणिया की छोड़ी गई।

### भाजपा नेता ने जन्मदिन पर किए सेवा कार्य



**चाकसू।** भाजपा नेता एवं पूर्व राज्यमंत्री विकेश खोलिया ने मंगलवार को 51वें जन्मदिन को सादगी, सेवा और समर्पण के साथ मनाया। इस दौरान उन्होंने जनसेवा और परोपकार के कार्य एवं धार्मिक अनुष्ठान किए। पूर्व राज्यमंत्री विकेश खोलिया धर्मपत्नी निर्मला खोलिया के साथ सुबह 8 बजे श्रीचम्पेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचे और दुग्घाभिषेक किया। वहीं शीतलामाता के दर्शन किए तथा जरूरतमंद बच्चों को मिठाई बांटी। खोलिया ने श्रीराम वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों की सेवा कर उनकी कुशलक्षेम जानी और दीर्घायु का आशीर्वाद प्राप्त किया।

---

**ब्यावर जिले में धुलंडी के दूसरे दिन 'देवर कोड़ा मार' होली देखने उमड़े लोग, निकाली शोभायात्रा**

# नटखट देवरों ने डाला रंग तो भाभियों ने भी बरसाए कोड़े

**हिलव्यू समाचार**

**ब्यावर।** जिले की ऐतिहासिक देवर भाभी की कोड़ा मार होली मंगलवार को खेली गई। धूलंडी के दूसरे दिन जीनगर समाज की ओर से वर्षों से देवर-भाभी की होली खेली जाती रही है। इसमें नटखट देवर भाभियों पर रंग डालते हैं।



वहीं, भाभियां कपड़े का कोड़ा पानी में भिगोकर देवरों पर बरसाती हैं। इस अनूठी होली को देखने के लिए दूर दराज से बड़ी संख्या में लोग ब्यावर पहुंचे। जीनगर समाज के पदाधिकारी जवरी लाल सिसोदिया ने बताया कि देवर भाभी की होली धुलंडी के दूसरे दिन खेली जाती है। परंपरा के अनुसार कोड़ा मार होली से पहले दोपहर को चांग गेट स्थित चारभुजा नाथ मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाती है। शोभायात्रा पाली बाजार और मुख्य बाजार से होते हुए मंगल बाजार के सामने पहुंची। यहां पहले से ही बड़े कड़ाव में सात तरह के रंग घोलकर रखे जाते हैं। सिसोदिया ने बताया कि कड़ाव में ठाकुरजी को भी रंग लगाया जाता है। इसके बाद देवर भाभी की प्रसिद्ध कोड़ा मार होली शुरू होती है। करीब 160 वर्षों से ब्यावर में कोड़ा मार होली खेली जा रही है। आजादी से पहले भी जीनगर समाज की ओर से इसी तरह से कोड़ा मार होली खेली जाती रही है। जीनगर समाज की इस वर्षों पुरानी परंपरा को जीवंत रखने के लिए समाज के लोग पूरा सहयोग करते हैं। मंगलवार को बाजार के बीचों-बीच देवर भाभी की कोड़ा मार होली का आयोजन हुआ। इसमें रंग से भरे 7 बड़े कड़ाव होली खेलने के लिए रखे गए। इन कड़ाव में नीला, पीला, लाल, गुलाबी, हरा, केसरिया और गुलाबी रंग पानी में मिलाया गया। देवर इस रंग की बौछार भाभियों पर करते हैं और भाभियां बदले में नटखट देवरों की पिटाई कोड़े मारकर करती है।

### भाभियां चार दिन पहले से करती हैं कोड़ा बनाने की तैयारी

सिसोदिया ने बताया कि भाभियां कोड़ा बनाने की तैयारी चार दिन पहले से करतीं हैं। सूती लहरिया रंग के कपड़े को कोड़ा बनाने में उपयोग लिया जाता है। इस कपड़े को घुमाव देकर (बट) लगाया जाता है। इसके बाद दो दिन तक इस कपड़े को पानी में भिगो कर रखा जाता है। मंगलवार को जब देवर भाभी की होली शुरू हुई तो भाभियों ने देवरों पर जमकर कोड़े बरसाए। खास बात यह है कि देवर कोड़ों की मार को भाभियों का स्नेह और आशीर्वाद समझते हैं। नटखट देवर भाभियों को रंगों से भिगोते हैं। देवरों की इस शरारत पर उन्हें भाभी की मार मिलती है। असल मायने में यह उत्सव देवर भाभी के स्नेह का प्रतीक है।

### केवल जीनगर समाज के लोग होते हैं शामिल

देवर भाभी की कोड़ा मार होली में केवल जीनगर समाज के लोग ही शामिल रहते हैं। अन्य समाज के लोग इसमें शामिल नहीं होते। देवर भाभी की कोड़ा मार होली को देखने के लिए दूर-दराज से लोग ब्यावर आते हैं। इस बार करीब 25 मिनट तक यह होली खेली गई। इस उत्सव का समापन चारभुजा नाथ की शोभायात्रा के वापस चांग गेट स्थित मंदिर पर पहुंचने के बाद हुआ। बुजुर्गों की ओर से शुरू की गई कोड़ा मार होली की परंपरा को वर्तमान पीढ़ी पूरी शिद्दत के साथ निभा रही है। वहीं, अगली पीढ़ी भी इस परंपरा को निभाने के लिए तैयार हो रही है।

---

**BJP प्रत्याशी सुमेधानंद की नामांकन रैली में पहुँचे सीएम**

# कांग्रेस ने लोगों को ठगा, यमुना जल के लिए केंद्र ने की पहल

**हिलव्यू समाचार**

**सीकर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित प्रदेश के भाजपा नेता मंगलवार को स्वामी सुमेधानंद सरस्वती की नामांकन सभा में शामिल होने सीकर आए। यहां मुख्यमंत्री शर्मा ने रामलीला मैदान में नामांकन सभा को संबोधित किया। अपने भाषण में मुख्यमंत्री ने कहा कि शेखावाटी वीरों, किसानों और सैनिकों की धरती है।




यहां कई सालों से यमुना जल के लिए मांग थी, जिसे केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने हाल ही में पूरा किया है। अपने संबोधन से पहले मुख्यमंत्री शर्मा ने खाटूश्यामजी, जीणमाता, सालासर बालाजी और सांगलिया धूणी को प्रणाम करते हुए कहा कि सीकर वो धरती है, जहां पर भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने जाटों को आरक्षण देने की शुरुआत की थी।

इसी धरती से पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व मुख्यमंत्री और देश के उपराष्ट्रपति रहे स्व. भैंरो सिंह शेखावत ने अंत्योदय योजना शुरू की थी। उन्होंने कहा कि झुंझुनूं के कांग्रेसी नेता कभी भी नहीं चाहते थे कि यहां पर यमुना का पानी आए, क्योंकि कांग्रेस ने हमेशा लोगों को ठगने का काम किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता, मुख्यमंत्री रहे स्व. भैंरो सिंह शेखावत ने 1994 में यमुना के पानी के लिए पहला पत्र केंद्र सरकार को लिखा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा शेखावाटी में सालों से चली आ रही शुद्ध पेयजल और सिंचाई के लिए पानी को मांग को पूरा करने का काम किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से यहां के लिए पानी की मांग रखी और पीएम मोदी ने तुरंत हरियाणा के मुख्यमंत्री से बात करके शेखावाटी के लिए यमूना जल समझौता करने के लिए कहा और 17 फरवरी को समझौता हो गया। सीएम शर्मा ने कहा कि 2014 से पहले देश में भ्रष्टाचार, तुष्किरण, आतंकवाद था, 2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने, तब देश को इनसे मुक्ति मिली है।

### नहीं बख्शे जाएंगे पेपरलीक के दोषी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आते ही पेपर माफियाओं के लिए एसआईटी का गठन कर दिया और अब तक 65 से अधिक लोग गिरफ्तार भी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसी भी दोषी को नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आते ही गेहूं की खरीद का एमएसपी मूल्य बढ़ाया है। किसानों की सम्मान निधि बढ़ाई है, पेट्रोल-डीजल की दरों में कमीं की है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने वो सभी वादे पूरे करेगी जो जनता से किए हैं।

### देश को विकसित राष्ट्र बनाने में जुटे हैं मोदी: दीया

सीकर में भाजपा प्रत्याशी की नामांकन सभा को संबोधित करते हुए दीया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री देश को एक सफल और विकसित राष्ट्र बनाने में जुटे हुए हैं। ऐसे में यहां से स्वामी सुमेधानंद सरस्वती को सर्वाधिक वोटों से जीताकर संसद में भेजना है। तीसरी बार केंद्र में सरकार बनने के बाद भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनेगा। उन्होंने कहा कि सीएम शर्मा ने शेखावाटी को पानी देकर वादा निभाया है।

### इन्होंने भी किया संबोधित

सीकर की सभा को भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, जिले के प्रभारी गौतम दक, यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र में भाजपा सरकार बनाने के लिए लालायित है। वहीं, भाजपा प्रत्याशी सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को स्वयं को ही उम्मीदवार मानते हुए कार्य करना है और घर-घर जाकर प्रचार-प्रसार करना है।

---

**चार लोग घायल, दो की हालत गंभीर**

# खेत में बकरी घुसने की बात पर लाठी-भाटा जंग, मची चीख-पुकार



**हिलव्यू समाचार**

**धौलपुर।** कोलारी थाना क्षेत्र के कोलुआ गांव में मंगलवार को खेत में बकरी घुसने पर दो पक्षों में लाठी भाटा जंग हो गई। दोनों तरफ से हुए संघर्ष में एक पक्ष के एक महिला समेत चार जने घायल हुए हैं। घायलों को परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। दो घायलों के गंभीर चोटें बताई जा रही हैं। घायल पक्ष की प्रीति ने बताया उसका बेटा खेतों में बकरियां चराने गया था। गांव के ही दुर्गा के खेत में अचानक बकरी चरने के लिए घुस गई। बेटा बकरी को निकालने के लिए खेत में घुस गया। इसी दौरान दुर्गा पक्ष के लोगों ने लामबंद होकर लाठी डंडों से जानलेवा हमले कर दिए। आरोपियों द्वारा किए गए हमले में 45 वर्षीय उदय छारी पुत्र अतर सिंह, 16 वर्षीय करन सिंह पुत्र निलेश छारी, 22 वर्षीय तुषार पुत्र यशवंत सिंह एवं 38 वर्षीय प्रीति पत्नी राजू घायल हो गए। घायल पक्ष के लोग शिकायत लेकर मालोनी खुर्द पुलिस चौकी पर पहुंच गए। आरोप लगाते हुए बताया कि पुलिस कर्मियों ने भी उनकी कोई मदद नहीं की है और भला बुरा कहकर चौकी से भगा दिया। घायलों को परिजनों ने जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करा दिया है। करन और तुषार के गंभीर चोटें बताई जा रही हैं। उधर घटना को लेकर कोलारी थाना प्रभारी भंवर सिंह ने बताया थाना क्षेत्र के कोलुआ गांव में दो पक्षों में बकरी चराने को लेकर मारपीट हुई है। एक पक्ष के चार जने घायल बताए जा रहे हैं। घायल पक्ष द्वारा रिपोर्ट देने के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा। घायलों का मेडिकल कराकर मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों के लाठी डंडों से किए गए हमले से खेतों में चीख पुकार मच गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। हमलावर युवक लाठी डंडे हाथों में लेकर हमला करने के लिए दौड़ रहे हैं। महिला एवं युवतियां चीख पुकार कर रही है।

---

**पुलिस ने भी जमकर खेली होली, चंग की थाप पर झूमे**

# रंगोत्सव के जश्न में डूबे रहे लोग

**हिलव्यू समाचार**

**चाकसू।** कस्बे में रंगो का पर्व होली और धुलंडी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सवेरे से ही युवाओं और बच्चों की टोलियां घरों से बाहर निकल पड़ी और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर जमकर होली खेली।



विधायक रामावतार बैरवा, पालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा, भाजपा नेता पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष कैलाश शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भरतलाल मीणा, समाज सेवी सुरज्ञान सिंह बड़ोदिया, सवाई माधोसिंहपुरा सरपंच रामजीलाल यादव ने अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के बीच होली मनाई और चंग की थाप पर लोगों के साथ झूमते नाचते रहे। वहीं मंगलवार को पुलिस थाना चाकसू, कोटखावदा, शिवदासपुरा में पुलिस अधिकारियों व पुलिसकर्मियों नें होली खेली। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों के संग जमकर होली खेली और एक-दूसरे को गले लगाकर त्योहार की शुभकामनाएं दी। तिलक के साथ होली के पर्व की शुरुआत हुई। धीरे-धीरे गुलाल के रंग में माहौल रंग गया और सभी ने एक दूसरे को होली की बधाई दी। गुंजिया की मिठास के साथ होली मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

---

**नामांकन रैली व चुनाव तैयारियों को लेकर बैठक**

# मुरारीलाल को टिकट से कांग्रेसियों में जोश

**हिलव्यू समाचार**

**चाकसू।** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने कमर कस ली है। दौसा से पूर्व मंत्री मुरारीलाल मीणा को टिकट मिलने के बाद कांग्रेसजनों में भारी उत्साह नजर आ रहा है।



इससे मंगलवार को चाकसू कस्बे के कोटखावदा रोड स्थित एक विवाह स्थल में कांग्रेस के चाकसू पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गंगाराम मीणा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोकसभा सीट प्रभारी एवं पूर्व प्रधान हेमराज अवाना व हरिओम मेहर ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन रैली व चुनाव संबंधित तैयारियों पर चर्चा की। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गंगाराम मीणा ने प्रत्येक कार्यकर्ताओं को एक मत होकर पार्टी के लिए काम करने और संगठन मजबूती पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से उठाने के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एकजुटता से 2024 में पार्टी की जीत की राह आसान होगी। ऐसे में कार्यकर्ता कमर कस लें और चुनाव तैयारियों में पूरे जोश के साथ जुट जाएं। पूर्व ब्लाक अध्यक्ष मीणा ने भाजपा की जन विरोधी नितियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा का महिला सशक्तिकरण का दावा खोखला है। मीणा ने बताया कि बुधवार को सुबह 10 बजे नामांकन रैली में चाकसू से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता दौसा पहुंचेंगे। बैठक में पूर्व विधायक प्रकाश बैरवा, महिला कांग्रेस कमेटी ज़िला अध्यक्ष कविता गुर्जर, रानी चौधरी, नगर पालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेंद्र गुर्जर, लल्लू लाल कुमावत, यूथ अध्यक्ष लोकेश मीना, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शहजाद नागोरी, सरपंच मक्खन बड़गुर्जर, कांग्रेस नेता सुरज्ञान सिंह, राजेश शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, गिर्राज शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

**अनूठी परंपरा निभाने उमड़े लोग**

# राजसी ठाठ से निकाली बादशाह की सवारी... जमकर उड़ाई गुलाल

**हिलव्यू समाचार**

**अजमेर।** ब्यावर का सुप्रसिद्ध बादशाह का मेला मंगलवार को आयोजित किया गया। इस दौरान राजसी ठाठ-बाट के बीच ब्यावर में बादशाह की सवारी निकली गई। बादशाह की सवारी के बीच बीरबल नाचते गाते शामिल हुए। बादशाह से खर्ची पाने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।



प्रजा रूपी जनता में बादशाह ने खर्ची रूपी खूब गुलाल लुटाई। इससे ब्यावर शहर गुलाल से अट गया। बादशाह की सवारी ब्यावर एसडीएम कार्यालय के सामने से गुजरी तो बादशाह ने एसडीएम को फरमान दे डाला। बादशाह सवारी मेला समिति के संयोजक भरत मंगल ने बताया कि ब्यावर में सुप्रसिद्ध बादशाह की सवारी मंगलवार को धूमधाम से निकाली गई। बादशाह की सवारी देखने और खर्ची लूटने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े। बादशाह की सवारी के दौरान हर तरफ गुलाल ही गुलाल उड़ती हुई नजर आई। 173 वर्ष पहले ब्यावर में शुरू हुई बादशाह की सवारी की परंपरा को स्थानीय लोग पूरी शिद्दत के साथ आज भी निभाते हैं। धुलंडी के दूसरे दिन यानी मंगलवार को बादशाह की सवारी का आयोजन हुआ। अग्रवाल समाज की ओर से बादशाह को तैयार किया गया। परंपरागत वस्त्र पहन कर बादशाह का मनमोहक श्रृंगार किया गया। इस बार रोशन प्रकाश सिंहल को बादशाह और श्यामसुंदर गर्ग को वजीर बनाया गया।

### बादशाह ने यह सुनाया फरमान

बादशाह की सवारी के दौरान बादशाह ने एसडीएम को फरमान सुनाया। इसके तहत ब्यावर में मेडिकल कॉलेज और लॉ कॉलेज खोले जाएं। सुभाष उद्यान स्थित बिचड़ली तालाब में फैली जलकुंभी की जल्द से जल्द सफाई करवाई जाए और सौंदर्यीकरण के कार्य सुभाष उद्यान में कराया जाए। ब्यावर शहर में स्मैक और अन्य मादक पदार्थों का सेवन युवाओं में बढ़ता जा रहा है, जिसकी रोकथाम के लिए पुलिस प्रशासन कड़े कदम उठाए। शहर में प्रतिदिन पनप रही आपराधिक गतिविधियों से जुड़े गिरोह को खत्म किया जाए। ब्यावर शहर को स्मार्ट सिटी मिशन में शामिल किया जाए। इसके लिए प्रपोजल केंद्र सरकार को भेजा जाए। शहर में गिब्सन हॉस्टल जैसे अनेक स्थानों पर सालों से कचरे का विशालकाय ढेर लगा है, इसे साफ करवा कर शहर को स्वच्छ सुंदर रखने की ओर कदम बढ़ाए जाएं।

### तिजोरी में रखते हैं गुलाल रूपी खर्ची

बादशाह की सवारी के दौरान लोगों में खर्ची लूटने की होड़ मची रहती है। दरअसल, सवारी के दौरान बादशाह गुलाल रूपी पुड़िया अशर्फियां के रूप में जनता पर लुटाते हैं और जिसके हाथ में गुलाल की पुड़िया आती है, वह उसे सहेज कर रखते हैं। बादशाह से मिली खर्ची को लक्ष्मी का रूप मानकर लोग इसकी पूजा भी करते हैं और यही वजह है कि बादशाह से मिली खर्ची को लोग तिजोरी और गल्ले में रखते हैं। लोगों को विश्वास है कि ऐसा करने से उनके व्यापार में बरकत होगी। बताया जाता है कि नगर भ्रमण के दौरान बादशाह करीब सवा लाख गुलाल की पुड़िया खर्ची के रूप में जनता में लुटा देते हैं। देर शाम तक बादशाह की सवारी निकली गई। बादशाह की सवारी के दौरान तीन टन से भी अधिक लाल गुलाल का उपयोग होता है। ऐसा माना जाता है कि लाल रंग लक्ष्मी माता को पसंद है। इसी मान्यता के चलते बादशाह की सवारी में लाल के अलावा अन्य किसी भी रंग की गुलाल का उपयोग नहीं होता। सवारी के दौरान इतनी लाल रंग की गुलाल उड़ाई जाती है कि हवा के साथ आस-पास के घरों और इमारतो में ही नहीं सड़क पर भी गुलाल की मोटी परत जम जाती है।

# यूपी सपा में घमासानः एक ही सीट से दो उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन

एजेंसी ▶▶ मुरादाबाद

यूपी की मुरादाबाद सीट पर समाजवादी पार्टी उम्मीदवार को लेकर कंफ्यूजन बढ़ गया है। बुधवार को इस सीट से बतौर सपा उम्मीदवार रुचि वीरा ने भी पर्चा भर दिया। जबकि पार्टी के वर्तमान सांसद एसटी हसन मंगलवार को नामांकन कर चुके थे। मुरादाबाद में मंगलवार को पूरे दिन कैंडिडेट बदले जाने की चर्चा रही। फिर बुधवार को खबर आई कि अखिलेश यादव ने रुचि वीरा को नामांकन से रोक दिया है। माना जा रहा था कि अब विवाद थम जाएगा एसटी हसन ही उम्मीदवार होंगे। लेकिन थोड़ी देर बाद ही रुचि वीरा नामांकन के लिए पहुंच गईं। उन्होंने नामांकन करने के बाद यह कहकर कंफ्यूजन बढ़ा दिया कि पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन्हें ही उम्मीदवार बनाया है। उनके कहने पर ही वह पर्चा भर रही हैं।

बता दें कि मंगलवार को रुचि वीरा का नाम सामने आने के बाद मुरादाबाद में सपाइयों ने विरोध किया था। उनके पोस्टर जलाए गए। इसके बाद रुचि वीरा को नामांकन से रोक दिया गया। लेकिन बुधवार दोपहर रुचि वीरा नामांकन के लिए अचानक कचहरी परिसर पहुंच गईं। इस दौरान मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि डॉक्टर एसटी हसन हमारे बड़े भाई हैं। सपा गठबंधन से हम ही प्रत्याशी हैं। हालांकि उनके नामांकन के दौरान समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष मौजूद नहीं रहे।

एसटी हसन का टिकट कटने के बारे में पूछे जाने पर रुचि वीरा ने कहा कि मुझे इस बारे में पता नहीं है। आप यह उनसे ही पूछिए। लखनऊ मुख्यालय से उनको नामांकन से रोके जाने के सवाल पर रुचि ने कहा कि मैंने नामांकन किया है। मुझे किसी ने रोका नहीं है। पार्टी उम्मीदवार मैं ही हूं। रुचि के इस दावे और एसटी हसन समर्थकों की नाराजगी के बीच अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि मुरादाबाद से समाजवादी पार्टी का उम्मीदवार आखिर है कौन? इस सवाल का जवाब अब समाजवादी पार्टी हाईकमान यानी अखिलेश यादव को ही तय करना है। फिलहाल, मुरादाबाद में उनके फैसले का बेसब्री से इंतजार हो रहा है।



- रुचि वीरा और आजम खान के पुतले फूंके
- उम्मीदवारों को नामांकन भरने से रोकने का प्रयास
- रामपुर सीट के लिए चार्टर्ड प्लेन से भेजा नामांकन पत्र

मुरादाबाद सीट पर समाजवादी पार्टी उम्मीदवार को लेकर सस्पेंस और विवाद गहरा गया है। इस सीट से वर्तमान सांसद एसटी हसन मंगलवार को समाजवादी पार्टी के सिंबल से नामांकन कर चुके हैं। इसके बाद रुचि वीरा ने भी इसी सीट सीट से नामांकन दाखिल कर दिया। ऐसे में हसन के समर्थकों का रुचि वीरा और आजम दोनों पर गुस्सा फूट पड़ा। समर्थकों का कहना है कि आजम खान को रामपुर की राजनीति पर ध्यान देना चाहिए ना कि मुरादाबाद की।



## महुआ और हीरानंदानी को भेजा समन

लोकसभा चुनाव से पहले ईडी ने फेमा मामले में पूछताछ के लिए तृणमूल कांग्रेस नेता और पूर्व लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा को समन जारी किया है। साथ ही, बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी को भी ईडी ने समन भेजकर 28 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। मोइत्रा के सहयोगी सुहान मुखर्जी से ईडी दिल्ली में पूछताछ कर रही है। महुआ मोइत्रा और सुहान मुखर्जी के बीच कुछ लेनदेन जांच के दायरे में हैं। पश्चिम बंगाल के एक हाई-प्रोफाइल वकील मुखर्जी टीएमसी से जुड़े कुछ बड़े नेताओं के कानूनी मामले को संभालते हैं। बता दें कि ईडी इससे पहले भी महुआ मोइत्रा को दो बार फेमा के तहत दो बार समन भेज चुकी है। हाल ही में महुआ मोइत्रा ने मामले की जांच के संबंध में ईडी के तरीके को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हालांकि, कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया था।

## मुरादाबाद में सपा से रुचि वीरा ने भी पर्चा भरा, एसटी हसन पहले ही कर चुके थे नामांकन

## रामपुर सीट पर बढ़ा विवाद, शाही इमाम के लिए भेजा चार्टर्ड प्लेन

रामपुर में काफी जद्दोजहद के बाद सपा ने उम्मीदवार घोषित कर दिया है। पार्टी ने मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी का नाम फाइनल किया है। नदवी दिल्ली पार्लियामेंट स्ट्रीट जामा मस्जिद के इमाम हैं। वे मूल रूप से रामपुर के रजानगर के रहने वाले हैं। उन्होंने नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। वहीं, रामपुर जिला ईकाई में आजम खान समर्थकों ने चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया है। आजम खान के समर्थक कह रहे हैं कि अखिलेश यादव रामपुर से चुनाव लड़ें। रामपुर में सपा नेता आसिम रजा ने भी नामांकन पत्र खरीदा है, जिससे पार्टी की टेंशन बढ़ गई है। आजम समर्थकों को मनाने की कवायद तेजी से चल रही है। शिवपाल यादव खुद सीतापुर जाकर आजम खान से बात करेंगे। असमंजस और कन्फ्यूजन के बीच सपा सूत्रों का कहना है कि पार्टी ने लखनऊ से एक चार्टर्ड प्लेन बुक कराया है। इस चार्टर्ड प्लेन से मुरादाबाद और रामपुर के उम्मीदवार के नाम का अधिकृत लेटर भेजा गया, ताकि समय रहते नामांकन पत्र दाखिल करवाया जा सके।



### मेरठ के उम्मीदवार पर भी सहमति नहीं

वहीं, मेरठ को लेकर कहा जा रहा है कि सपा के घोषित उम्मीदवार भानु प्रताप सिंह को लेकर स्थानीय स्तर पर सहमति नहीं बन पा रही है। यही वजह है कि बड़े नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने आम चुनाव से दूरी बना ली थी। नेताओं की नाराजगी को देखते हुए पार्टी हाईकमान ने उन्हें लखनऊ बुलाया है। पार्टी वर्कर्स का कहना है कि किसी स्थानीय नेता को ही उम्मीदवार बनाया जाए. माना जा रहा है कि मेरठ सीट पर उम्मीदवार को लेकर भी बड़ा फैसला लिया जा सकता है।

## भाजपा ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची



भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर राज्यों के लिए स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा विभिन्न राज्यों में जनसभाएं करेंगे। सभी राज्यों में भाजप के 40-40 दिग्गज नेताओं के नाम हैं। पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तीनों राज्यों में जनसभाएं करेंगे। बिहार में स्टार प्रचारकों की सूची में केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे को भी जगह मिली है, हालांकि बक्सर से उनका टिकट कट गया है। वहीं, रविशंकर प्रसाद और राजीव प्रताप रूडी का नाम इस लिस्ट से गायब है। इसी तरह उत्तर प्रदेश में भाजपा के 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट में सुल्तानपुर से सांसद मेनका गांधी और उनके बेटे वरुण गांधी का नाम नहीं है। इसके साथ ही कैसरगंज से सांसद बृजभूषण शरण सिंह का नाम भी लिस्ट में नहीं है। उत्तर प्रदेश के यादव समुदाय के लिए पार्टी ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को स्टार प्रचारक बनाया है। पश्चिम बंगाल में फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती और पार्टी के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय का नाम भी शामिल है।

## रिंकू ने आप आदमी पार्टी का टिकट ठुकराया भाजपा का दामन थामा

पंजाब लोकसभा चुनाव से पहले नेताओं का पाला बदलने का सिलसिला जारी है। आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। सांसद सुशील कुमार रिंकू और जालंधर ईस्ट से आम आदमी पार्टी के विधायक शीतल अंगूरल भाजपा में शामिल हो गए। रिंकू को आप ने जालंधर से टिकट देने की घोषणा कर दी थी। पंजाब में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दोनों अलग-अलग चुनाव लड़ रही है। सुशील कुमार रिंकू पहले कांग्रेस में रह चुके हैं और उन्होंने जालंधर पश्चिम सीट से 2017 में विधानसभा चुनाव जीता था। हालांकि 2023 में जालंधर सीट पर हुए उपचुनाव में आप ने उन्हें जालंधर से प्रत्याशी बनाया था और वह पिछले एक साल से इस सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।



## खिचड़ी चोर के लिए प्रचार नहीं करूंगा कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने कहा


मुंबई प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संजय निरुपम ने शिवसेना मुंबई नार्थ वेस्ट सीट से संजय जाधव को टिकट दिए जाने पर आपत्ति जताई है।संजय निरुपम ने कहा कि शिवसेना यूबीटी ने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। मुंबई की चार सीटों पर प्रत्याशियों के नामों का ऐलान हो चुका है और एक पर गुरुवार तक कर देंगे। उन्होंने कहा कि 1 सीट कांग्रेस पार्टी को खैरात की तरह दे दी है। मैं इसका विरोध करता हूं। मैं दोनों पार्टी के बीच हुई बातचीत में भी शामिल था। नार्थ वेस्ट के जिस उम्मीदवार को शिवसेना ने टिकट दिया है। उस पर भ्रष्टाचार का आरोप है। उन्होंने कहा कि मैं किसी भी खिचड़ी चोर के लिए चुनाव प्रचार नहीं करूंगा।



## खबर संक्षेप

### पूर्व आईपीएस संजीव भट्ट 28 साल बाद दोषी करार

**अहमदाबाद।** गुजरात के चर्चित पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट एक बार फिर से मुसीबत में हैं। 28 साल पुराने ड्रग केस में कोर्ट ने उन्हें दोषी करार दिया है। एनडीपीएस एक्ट के तहत साल 1996 में भट्ट के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। बुधवार को इसी मामले में पालनपुर सेशन कोर्ट में संजीव भट्ट को पेश किया गया, जहां कोर्ट ने सुनवाई के दौरान उन्हें दोषी करार दिया।



### विस्फोट मामले में दो को हिरासत में लिया

**जम्मू।** जम्मू संभाग के जिला पुंछ में विस्फोट मामले में बुधवार को पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। दोनों संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। मंगलवार रात को पुंछ शहर में जिला अस्पताल के पास एक धार्मिक स्थल से सटी गली में हस्तनिर्मित कच्चे पदार्थ से विस्फोट हुआ, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि विस्फोटक जैसी आवाज की जानकारी मिली।



### हिमाचल में मौसम ने बढ़ाई चिंता

**शिमला।** पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से हिमाचल प्रदेश में चार दिनों तक मौसम खराब रहने के आसार हैं। मौसम खराब हुआ तो चुनाव प्रचार पर असर पड़ेगा। इसको लेकर उम्मीदवारों को चिंता है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 28 से 31 मार्च तक प्रदेश के मैदानी व मध्य पर्वतीय जिलों में बारिश की संभावना है। वहीं, उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी के आसार हैं।



### विधि आयोग के अध्यक्ष का इस्तीफा

## न्यायमूर्ति अवस्थी ने लोकपाल के तीसरे सदस्य के रूप में ली शपथ

◆ लोकपाल के नवनियुक्त अध्यक्ष न्यायमूर्ति अजय माणिकराव खानविलकर हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विधि आयोग के अध्यक्ष, न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी ने अध्यक्ष पद से 17 महीने के कार्यकाल के बाद इस्तीफा दे दिया है। बुधवार को उन्होंने लोकपाल के तीन न्यायिक सदस्यों में से एक सदस्य के रूप में शपथ ली। गौरतलब हो कि न्यायमूर्ति अवस्थी ने नवंबर 2022 में पांच सदस्यों के साथ भारत के विधि आयोग के अध्यक्ष पद के रूप में अपना कार्यकाल ग्रहण किया था। इससे पहले उन्होंने बीते मंगलवार को कानून एवं न्याय मंत्रालय को अपना इस्तीफा सौंपा।

भारत के राष्ट्रपति ने हाल ही में न्यायमूर्ति लिंगप्पा स्वामी, न्यायमूर्ति संजय यादव और न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी को लोकपाल के न्यायिक सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। विधि आयोग से पहले न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी 11 अक्टूबर, 2021 से 2 जुलाई, 2022 तक कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे। 13 अप्रैल, 2009 से 10 अक्टूबर, 2021 तक इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे। लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 के अनुसार, संगठन में एक अध्यक्ष और अधिकतम आठ अन्य सदस्य होते हैं और उन आठ सदस्यों में से चार न्यायिक सदस्य होते हैं जो सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश या उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश होते हैं या रह चुके हैं। अन्य चार गैर-न्यायिक सदस्य निष्ठावान और उत्कृष्ट क्षमता वाले लोग हैं जिनके पास भ्रष्टाचार विरोधी नीति, सार्वजनिक प्रशासन, सतर्कता, बीमा और बैंकिंग सहित वित्त से संबंधित मामलों में कम से कम पच्चीस वर्षों का विशेष ज्ञान और विशेषज्ञता है।



वहीं दूसरी ओर लोकपाल के नवनियुक्त अध्यक्ष, न्यायमूर्ति अजय माणिकराव खानविलकर, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश हैं।

### कोलकाता एयरपोर्ट पर टला बड़ा हादसा

## टेकऑफ से पहले एक दूसरे से टकराए इंडिगो और एयर इंडिया के विमान



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोलकाता हवाई अड्डे पर एक बड़ा हादसा टल गया। जहां इंडिगो एयरलाइंस का विमान एयर इंडिया एक्सप्रेस से जा टकराया लेकिन हालात को जल्द ही संभाल लिया गया और बड़ा हादसा नहीं हुआ। जानकारी के मुताबिक इंडिगो एयरलाइंस के पंख एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान के पंख को छूकर निकल गए। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने घटना की जांच शुरू कर दी है। इंडिगो विमान के पायलटों को भी ड्यूटी से हटा दिया गया है।

■ इंडिगो विमान के पायलटों को ड्यूटी से हटाया

एयर इंडिया के प्रवक्ता के मुताबिक यह घटना तब हुई जब एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान कोलकाता में रनवे पर एंट्री का इंतजार कर रहा था। प्रवक्ता ने कहा कि किसी अन्य एयरलाइन के विमान के विंगटिप ने हमारे एक विमान को चपेट में ले लिया, हमारा विमान चेन्नई के लिए उड़ान भरने वाला था रनवे पर चढ़ने के लिए मंजूरी का इंतजार कर रहा था। प्रवक्ता ने कहा कि विमान सुरक्षित है और किसी तरह की बड़ी घटना नहीं घटी है। हम यात्रियों असुविधा के लिए माफी चाहते हैं।

### ईडी की रिव्यू पिटिशन को किया खारिज

## न्यायालय से ईडी को झटकाः मनी लॉन्ड्रिंग पर पुराना आदेश बरकरार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मनी लॉन्ड्रिंग का मामला तब नहीं बन सकता है जब तक कि आपराधिक साजिश पीएमएलए एक्ट से जुड़ा न हो। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में ईडी की रिव्यू पिटिशन को खारिज करते हुए यह व्यवस्था दी है। इस मामले में अपने फैसले को बरकरार रखा है। कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा था कि ईडी तब आपराधिक साजिश यानी आईपीसी की धारा-120 का इस्तेमाल कर पीएमएलए का केस नहीं बना सकती है जब तक कि साजिश मनी लॉन्ड्रिंग से लिंक न हो। इस मामले में 29 नवंबर 2023 को कोर्ट ने व्यवस्था दी थी। इसके खिलाफ ईडी ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए रिव्यू पिटिशन दाखिल की थी। कोर्ट के जस्टिस एएस ओका और जस्टिस पंकज मित्तल ने अब ईडी की रिव्यू पिटिशन को खारिज कर दी । सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 29 नवंबर के फैसले को रिव्यू करने के लिए ईडी की ओर से अर्जी दाखिल की थी।



### मनी लॉन्ड्रिंग का लिंक जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने व्यवस्था दी कि ईडी तब आपराधिक साजिश यानी आईपीसी की धारा-120 का इस्तेमाल कर पीएमएलए (मनी लॉन्ड्रिंग) का केस नहीं बना सकती है जब तक कि साजिश मनी लॉन्ड्रिंग से लिंक न हो। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एएस ओका की अगुवाई वाली बेंच ने व्यवस्था दी है कि आपराधिक साजिश की धारा का इस्तेमाल उसी अपराध के लिए हो सकता है जिस अपराध के लिए साजिश रची गई हो। मामले में ईडी की ओर से दाखिल रिव्यू पिटिशन खारिज हो गई।

### पांच फीसदी बढ़ जाएंगे दाम

## अगले महीने से महंगा हो जाएगा एक्सप्रेसवे पर सफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक अप्रैल से दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर सफर महंगा हो रहा है। दरअसल, नेशनल हाइवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इस बारे में अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के मुताबिक, टोल टैक्स में पांच फीसदी तक की बढ़ोतरी की गई है। इसके बाद से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरिफेरल और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर भी सफर करना महंगा हो जाएगा। एनएचएआई ने एक अप्रैल से टोल प्लाजा पर नई दरों पर टोल फीस की वसूली करने का निर्देश जारी किया है। इससे लोगों की जेब पर बोझ बढ़ेगा। बता दें कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर टोल वसूली के लिए एनएचएआई ने बीते साल ही नोटिफिकेशन जारी किया था। इसमें सराय काले खां से मेरठ के काशी टोल तक 140 रुपये टोल शुल्क तय किया गया था, लेकिन 1 अप्रैल से यह बढ़कर 155 रुपये हो जाएगा। इससे पहले 25 दिसंबर 2021 से इस एक्सप्रेस वे पर टोल वसूली की योजना थी पर इसे टाल दिया गया था।




### सफल रहा 'पुष्पक' का दूसरा लैंडिंग टेस्ट

## 'पुष्पक' को वायुसेना के चिनूक से ज्यादा ऊंचाई से छोड़ा गया

एजेंसी ▶▶ श्रीहरिकोटा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आरएलवी यानी रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल लैंडिंग प्रयोग में एक और बड़ी सफलता अर्जित की है। दरअसल, इसरो के स्वदेशी स्पेस शटल को कर्नाटक के चित्रदुर्ग में सफलतापूर्वक लैंड करवाया गया। इसे पृथ्वी पर वापस लाकर दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है। स्लीक बॉडी और एसयूवी के आकार वाले विंग्ड रॉकेट को पुष्पक विमान नाम दिया गया है। इसे आरएलवी -रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल से लॉन्च किया गया है। इसरो ने इस संबंध में एक्स पर कहा कि रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल (आरएलवी) टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आरएलवीएलईएक्स-02 लैंडिंग एक्सपेरिमेंट के जरिए मील का पत्थर साबित हुआ। यह टेस्ट चित्रदुर्ग के एटीआर में लांच किया गया। 'पुष्पक' को वायुसेना के हेलीकॉप्टर चिनूक से 4.5 किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया। गौरतलब है कि 2 अप्रैल 2023 को कर्नाटक के चित्र दुर्ग में विमान की टेस्टिंग की थी।

- भारत इसके जरिए स्पेस में मलबे को करेगा कम
- डीआरडीओ और वायुसेना ने विमान की टेस्टिंग की थी



### इस्तेमाल में दोबारा लाया जा सकता है

पुष्पक ऐसा लॉन्च वाहन है जो दोबारा इस्तेमाल में लाया जा सकता है। पुष्पक (आरएलवी- रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल ) तकनीक से अंतरिक्ष में उपग्रह पहुंचाने की लागत में काफी कमी आएगी। वहीं इसरो 2035 तक अंतरिक्ष में स्टेशन बनाने के लक्ष्य पर भी काम कर रहा है।

### इसरो प्रमुख ने इस सफलता पर टीम को दी बधाई

बताना चाहेंगे, इस मिशन को विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) ने तरल प्रणोदन प्रणाली केंद्र (एलपीएससी) और इसरो जड़त्व प्रणाली इकाई (आईआईएसयू) के साथ पूरा किया था। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने इस जटिल मिशन के सफलतापूर्वक पूरा होने के लिए टीम को बधाई दी। वीएसएससी के निदेशक डॉ. एस उन्नीकृष्णन नायर ने यह सफलता भविष्य के ऑर्बिटल रि- प्रवेश मिशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुष्पक विमान मिशन की टीम का मार्गदर्शन सुनील पी, कार्यक्रम निदेशक, उन्नत प्रौद्योगिकी और सिस्टम कार्यक्रम, वीएसएससी ने किया।



# आएगा सत्यप्रेम की कथा का सीक्वल

मुंबई। कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' पिछले साल प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा प्रतिसाद मिला था, जिसकी बदौलत इसने न सिर्फ अपनी लागत वसूलने में कामयाबी पाई अपितु निर्माता और वितरकों को मुनाफा भी हुआ। इस फिल्म से पहले कार्तिक और कियारा 'भूल भुलैया 2' में भी साथ काम कर चुके थे। उनकी केमेस्ट्री सबको अच्छी लगी। यह जोड़ी 'सत्यप्रेम की कथा' के सीक्वल में दोबारा दिखाई दे सकती है। फिल्म की प्रोड्यूसर शरीन मंत्री ने अपने एक इंटरव्यू में फिल्मों के कई पहलुओं पर चर्चा की और 'सत्यप्रेम की कथा 2' के बारे में भी बात की।


लाइफ Style

# उर्वशी

## ऋषभ संग शादी पर दिया जवाब

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेले का नाम जब भी लिया जाता है, तो अपने आप ही लोगों की जुबान पर क्रिकेटर ऋषभ पंत का नाम आ जाता है। उर्वशी ने अपने काम से ज्यादा क्रिकटर संग अपनी कंट्रोवर्सी से सुर्खियां बटोरी है। मिस यूनिवर्स इंडिया 2015 का टाइटल जीतने वाली उर्वशी जल्द ही फिल्म जेएएनयू में नजर आने वाली है और एक्ट्रेस अपनी फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रही हैं।


मुंबई। इस फिल्म के प्रमोशन के बीच उर्वशी ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में सुष्मिता सेन के उनसे मिस यूनिवर्स इंडिया 2012 का टाइटल छीनने को लेकर बड़ा खुलासा किया था। इसी बीच अब एक्ट्रेस ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी ऋषभ पंत से शादी के सवाल पर रिएक्शन दिया है। दरअसल, उर्वशी ने हाल ही में इंटरव्यू के दौरान अपने फैंस के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान एक्ट्रेस से वो सवाल पूछे गए, जो अक्सर ही फैंस उनसे करते रहते हैं। पहले तो उर्वशी रौतेला ने काफी आराम से होस्ट को उनका सवाल पूरा करने दिया। इस सवाल पर हर कोई उर्वशी के जवाब का इंतजार कर रहा था। होस्ट से लेकर फैंस सभी उम्मीद लगाकर बैठे थे कि एक्ट्रेस क्रिकेटर संग शादी के सवाल पर क्या बोलेंगी। मगर उर्वशी ने सभी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उर्वशी ने ऋषभ पंत संग शादी के सवाल पर जवाब में बोली, 'कोई कमेंट नहीं।' उर्वशी और ऋषभ का रिश्ते की सच्चाई क्या है, ये तो दोनों स्टार्स ही अच्छे से जानते हैं। मगर एक समय पर दोनों के रिलेशनशिप की खबरों ने खूब तूल पकड़ा था। लेकिन तब दोनों ने ही इन्हें अफवाह बताया था। साल 2018 में इन दोनों कई बार एक जगह पर स्पॉट किया गया है, फिर उस साल के बाद दोनों ने एक-दूसरे को व्हाट्सएप पर ब्लॉक तक दिया था। सोशल मीडिया पर दोनों क्रिप्टिक नोट लिखकर एक-दूसरे पर अपनी भड़ास भी निकालते रहे हैं, लेकिन जब ऋषभ का एक्सीडेंट हुआ था।



# एमिली ने शो की डाइवोर्स रिंग



**लॉस एंजेलिस।** आपने इंगेजमेंट रिंग के बारे में तो सुना है, लेकिन क्या कभी डाइवोर्स रिंग के बारे में सुना है। बदलते ट्रेंड में अब ये अब ये एक चीज भी जुड़ गई है। इसका श्रेय जाता है एक्ट्रेस एमिली रताजकोस्की को। एमिली ने अपनी क्रिएटिविटी का इस्तेमाल करते हुए इंगेजमेंट की अंगूठी को नया लुक देकर उसे अपने तलाक से जोड़ा है। बता दें कि एक्ट्रेस ने 2022 में तलाक लिया था। वहीं, अलग होने के बाद अब एमिली अपनी बिखरी शादीशुदा जिंदगी को लेकर खुलकर बात कर रही हैं। उन्होंने हाल ही में एक फोटो शेयर की, जिसमें उन्हें सगाई की अंगूठी को नए तरह की डिजाइन देकर सेलिब्रेट करते देखा जा सकता है। इस वायरल फोटो पर एक्ट्रेस ने बताया कि ये अंगूठियां उनके व्यक्तिगत विकास का प्रतिनिधित्व करती हैं। एमिली ने कहा, मुझे नहीं लगता कि किसी महिला को सिर्फ इसलिए उसे दिया गया डायमंड नहीं पहनना चाहिए क्योंकि वह किसी शख्स से अलग हो गई है। एमिली ने कहा कि इन अंगूठियों को पहन उसे ऐसा एहसास होता है, जैसे वह खुद को उस तरह से खुश रख सकती हैं, जैसे उन्होंने पहले कभी सोचा भी नहीं था।



# होली के रंगों में रंगी यामी

मुंबई। आम जनता से लेकर बॉलीवुड में होली त्योहार की धूम देखने को मिल रही है। वहीं इन दिनों प्रेग्नेंसी पीरियड एंजॉय कर रही एक्ट्रेस यामी गौतम पर तो होली से पहले ही इसका रंग चढ़ गया है। हाल ही में यामी की कुछ तस्वीरें सामने आईं हैं, जिसमें वह होली के रंग में रंगी नजर आ रही हैं। उन्होंने व्हाइट सूट पेयर किया है। तस्वीरों में यामी के हाथों में येलो रंग देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने अपने गालों पर भी पीला और गुलाबी रंग लगाया है। यामी के चेहरे पर बड़ी सी मुस्कान देखने को मिल रही है। फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। काम की बात करें तो यामी हाल ही में फिल्म 'आर्टिकल 370' में नजर आईं थीं। फिल्म ने दबे पांव वर्ल्डवाइड 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। यामी अपने अभिनय से दर्शकों को बेहद प्रभावित करतीं है। इसके साथ ही उनकी सुंदरता के लोग कायल और दीवाने है।




# ऋतिक रोशन ने की अनन्या की तारीफ

मुंबई। एक्टर ऋतिक रोशन ने फिल्म 'खो गए हम कहां' में एक्ट्रेस अनन्या पांडे की जमकर तारीफ की। पिछले साल दिसंबर में रिलीज फिल्म का निर्देशन अर्जुन वरैन सिंह ने किया है। इसमें सिद्धांत चतुर्वेदी, अनन्या और आदर्श गौरव मुख्य भूमिका में हैं। यह तीन दोस्तों की कहानी है, जो सोशल मीडिया के दबाव के बावजूद अपने लक्ष्य और रिश्तों को आगे बढ़ाते हैं। एक्स पर ऋतिक ने लिखा कि कुछ दिन पहले 'खो गये हम कहां' देखी। मैंने इसका भरपूर आनंद लिया। यह कोई आसान शैली नहीं थी। अनन्या पांडे आप एक स्टार हैं। सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव आप लोगों का प्रदर्शन क्या शानदार था। अर्जुन वरैन ने बहुत अच्छा निर्देशन किया है। पूरी टीम को बधाई, यह फिल्म अवश्य देखनी चाहिए। फाइटर स्टार को जवाब देते हुए अनन्या ने कहा कि ऋतिक सर, आपने मेरा दिन बना दिया, आपके प्यारे शब्दों और सराहना के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। यह मेरे लिए बहुत प्रेरक है।

# अदा ने डांस बार में बिताई रातें

मुंबई। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने 'सनफ्लॉवर 2' में अपनी भूमिका को लेकर खुलासा किया है। एक्ट्रेस का कहना है कि उन्होंने अपनी भूमिका के लिए एक डांस बार में रातें बिताईं। वह स्क्रीन पर प्रभावकारी दिखना चाहती थीं। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने कहा कि मैं प्रभावकारी दिखना चाहती थी। यह सिर्फ इस बारे में नहीं है कि आप डांस कब कर रहे हैं बल्कि यह इस बारे में है कि आप कैसे बैठते और खड़े होते हैं और परफॉर्मेंस नहीं करने के दौरान आप अपने शरीर के साथ कितने सहज हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह कभी-कभी ध्यान देने के लिए डांस बार में सुबह 5 बजे तक रुकती थीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि वे इतने अच्छे थे कि उन्होंने मुझे बार में रुकने और चीजों को देखने की इजाजत दी। कस्टमर्स से बात करते समय उनके आत्मविश्वास को मैंने देखने की कोशिश की। मैं रात को 9 बजे जाती थी, कभी-कभी सुबह 4 से 5 बजे तक रुकती थी। वेब सीरीज 'सनफ्लॉवर' सीरीज एक हाउसिंग सोसाइटी के निवासियों के जीवन पर आधारित है। वे एक हत्या के रहस्य में उलझ जाते हैं। इसमें सुनील ग्रोवर और मुकुल चड्ढा मुख्य भूमिका में हैं।





# इस साल पहली बार अपने नन्हे-मुन्नों के साथ होली सेलिब्रेट करेंगे ये सितारे

मुंबई। इस बार फिल्म जगत के कई सितारों के लिए रंगों का त्योहार और भी रंगीन होने वाला है, क्योंकि वे पहली बार अपने नन्हे-मुन्नों के साथ होली खेलने जा रहे हैं। पहली बार अपने बच्चों के साथ होली खेलने वालों की लिस्ट में राम चरण-उपासना से लेकर विराट-अनुष्का तक शामिल हैं।



### अनुष्का-विराट

अनुष्का शर्मा और विराट कोहली फरवरी 2024 में दूसरी बार माता-पिता बने हैं। अनुष्का-विराट के घर बेटे अकय कोहली का जन्म हुआ है। यह अनुष्का और विराट की अकाय कोहली के साथ पहली होली होगी।

### राम चरण-उपासना

सुपरस्टार राम चरण और उपासना शादी के कई सालों बाद साल 2023 में एक बेटी के माता-पिता बने। इस कपल की बेटी के साथ ये पहली होली है।

### विक्रांत मैसी-शीतल ठाकुर

एक्टर विक्रांत मैसी के लिए साल 2023 धमाकेदार रहा है। विक्रांत को उनकी 12वीं फेल फिल्म से पूरी दुनिया में पहचान मिली, वहीं उनके बेटे का जन्म भी हुआ। विक्रांत और शीतल की अपने बेटे के साथ ये पहली होली है।

### रुबिना-अभिनव शुक्ला

एक्ट्रेस रुबिना दिलैक को नवंबर 2023 में जुड़वां बच्चे हुए थे। इस बार रुबिना और अभिनव पहली बार अपनी जुड़वां बेटियों के साथ होली मनाएंगे।

### इशिता दत्ता-वत्सल सेठ

दृश्यम फेम एक्ट्रेस इशिता दत्ता और वत्सल सेठ के घर जुलाई 2023 में एक बच्चे का जन्म हुआ। बेटे के साथ इस कपल की यह पहली शादी होगी।

# रकुल ने कहा- मुझे 15 बार कॉल करने की जरूरत नहीं



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी बी-टाउन के पावर कपल में से एक हैं। हाल ही में जैकी और रकुल ने शादी रचाई है। दोनों की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब छाई रहीं। ये कपल फिलहाल शादी के शुरुआती दिनों का आनंद ले रहा है। इसी बीच अभिनेत्री रकुल प्रीत अपने पति जैकी के साथ अपने संबंधों के बारे में खुलकर बात करती नजर आई हैं। अभिनेत्री ने कहा, 'हम एक व्यक्ति के रूप में संपूर्ण हैं। साथ मिलकर हम अधिक खुश हैं। मुझे उन्हें दिन में 15 बार कॉल करने की जरूरत नहीं है कि मैं बोर हो रही हूं। आप कैसे हैं। मुझे यह पता लगाना होगा कि मुझे अपनी लाइफ में क्या करना है, उनके लिए भी यही बात है। हम दोनों जब भी साथ होते हैं,

# होली में नहीं होंगे बोर, बिंज वॉच कर डाले ये शानदार फिल्में और सीरीज

मुंबई। कुछ लोग होली का त्योहार मनाना पसंद करते हैं तो वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो घर पर बैठकर होली एंजाय करते हैं। अगर आप भी उनमें से एक हैं तो आज हमारे पास आपके लिए कुछ ऐसे वेब-ऐप्स हैं। इसे देखने के बाद आपका होली का त्योहार बहुत अच्छा बीतेगा और आप घर बैठे बिल्कुल भी बोर नहीं होंगे।




### ऐ वतन मेरे वतन

इस हफ्ते अमेजन प्राइम वीडियो पर सारा अली खान की फिल्म ऐ वतन मेरे वतन रिलीज हुई है। यह एक देशभक्ति फिल्म है, जिसमें सारा अली खान ने उषा मेहता नाम की एक साहसी लड़की का किरदार निभाया है।

### अनैटमी ऑफ अ फॉल

फिल्म एनाटॉमी ऑफ द फॉल डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो गई है। इस फिल्म की कहानी एक ऐसे बेटे की है जो अंधा है। और वह जानता है कि उसकी माँ ने उसके पिता को मार डाला है।





### फाइटर

अगर आपने अभी तक इस साल की सबसे चर्चित और सबसे ज्यादा कमाई करने वाली ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर की फिल्म फाइटर नहीं देखी है तो बता दें कि अब यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गई है। जिसे आप ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### ओपेनहाइमर

एमिली ब्लंट और किलियन मर्फी अभिनीत इस साल की सबसे अधिक ऑस्कर विजेता फिल्म ओपेनहाइमर भी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गई है। जिसे आप जियो सिनेमा पर जाकर देख सकते हैं।




### लुटेरे

इस हफ्ते डिज्नी+हॉटस्टार पर वेब सीरीज लुटेरे रिलीज हुई है। जो कि जाधव परिवार की कहानी है, जो बिहार से केन्या शिफ्ट हो जाता है। इस फिल्म की कहानी काफी दिलचस्प है।

मुंबई को 31 रन से हराकर खाता खोला

सनराइजर्स ने तीन विकेट पर 277 रन बनाए

# रिकॉर्ड: आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर बनाकर जीत गया हैदराबाद

भाषा ▶▶| हैदराबाद

- आईपीएल में एक नया रिकॉर्ड कायम किया
- क्लासन ने 34 बॉल पर 80 रन बनाए, अभिषेक-हेड के अर्धशतक
- मुंबई इंडियंस 20 ओवर में 5 विकेट पर 246 रन ही बना सकी

चोटी के बल्लेबाजों की तूफानी पारियों के दम पर रिकॉर्ड स्कोर बनाने वाले सनराइजर्स हैदराबाद ने बुधवार को यहां मुंबई इंडियंस को 31 रन से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अपना खाता खोला। सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद तीन विकेट पर 277 रन बनाए जो आईपीएल में नया रिकॉर्ड है। उसने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के 2013 में पुणे वारियर्स के खिलाफ बनाए गए पांच विकेट पर 263 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। मुंबई की टीम ने भी कड़ी चुनौती पेश की लेकिन अच्छी शुरुआत मिलने के बावजूद उसकी टीम पांच विकेट पर 246 रन ही बना पाई। इस तरह से मैच में कुल 523 रन बने जो आईपीएल का रिकॉर्ड है। यही नहीं इस मैच में 38 छक्के लगे जो टी20 क्रिकेट में नया रिकॉर्ड है। सनराइजर्स की तरफ से ट्रैविस हेड ने 24 गेंद पर नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 62 रन बनाए जबकि अभिषेक शर्मा ने 23 गेंद पर 63 रन बनाए जिसमें तीन चौके और सात छक्के शामिल हैं। इन दोनों के आउट होने के बाद हेनरिक क्लासेन (34 गेंद पर नाबाद 80 रन, चार चौके, सात छक्के) और एडेन मार्कराम (28 गेंद पर नाबाद 42, दो चौके, एक छक्का) ने 55 गेंद पर 116 रन की अटूट साझेदारी की। मुंबई ने भी तेज शुरुआत की। उसकी तरफ से तिलक वर्मा ने 34 गेंद पर सर्वाधिक 64 रन बनाए जिसमें दो चौके और छह छक्के शामिल हैं। टिम डेविड ने 22 गेंद पर नाबाद 42 रन बनाकर हार का अंतर कम



किया। मुंबई ने भी पावर प्ले में दो विकेट पर 76 रन बनाए लेकिन इस बीच उसने दोनों सलामी बल्लेबाज इशान किशन (13 गेंद पर 34 रन) और रोहित शर्मा (12 गेंद पर 26 रन) के विकेट गंवाए जिन्होंने परिस्थितियों के अनुरूप ताबड़तोड़ शुरुआत की। रोहित ने अपनी पारी में तीन जबकि किशन ने चार छक्के लगाए जिसने भुवनेश्वर कुमार के एक ओवर में लगाए गए तीन छक्के भी शामिल हैं। मुंबई की टीम भी आठवें ओवर में 100 रन के पार पहुंचने में सफल रही। वर्मा ने शाहबाज अहमद के एक ओवर में तीन छक्के लगाए जिससे मुंबई 10 ओवर के बाद दो विकेट पर 141 रन बनाकर अच्छी स्थिति में था। वर्मा ने जयदेव उनादकट पर चौका लगाकर 24 गेंद पर अपना अर्ध शतक पूरा किया। इस बीच उन्होंने नमन धीर (14 गेंद पर 30 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी की। कप्तान हार्दिक पंड्या (20 गेंद पर 24 रन) ने मयंक मार्कंडेय पर छक्का और चौका लगाकर शुरुआत की। लेकिन इसके बाद भुवनेश्वर ने पारी के 13वें ओवर में केवल पांच रन दिए। कमिंस ने ऐसे में वर्मा को डीप मिड विकेट पर कैच करा कर मुंबई की परेशानी बढ़ा दी। जब रन और गेंदों के बीच अंतर बढ़ रहा था तब हार्दिक और डेविड अपेक्षित तेजी से नहीं बना पाए। इस बीच 18 गेंद तक कोई चौका या छक्का नहीं लगा।

### सनराइजर्स हैदराबाद

| | |
|---|---|
| मयंक का डेविड बो हार्दिक | 11 |
| हेड का नमन धीर बो कोएत्जी | 62 |
| अभिषेक का नमन धीर बो चावला | 63 |
| एडन मार्कराम नाबाद | 42 |
| हेनरिच क्लासेन नाबाद | 80 |
| अतिरिक्त : | 19 |
| कुल योगः (20 ओवर में तीन विकेट पर) | 277 रन |

**विकेट पतन:** 1-45, 2-113 , 3-161

**गेंदबाजी:** मफाका 4-0-66-0, हार्दिक 4-0-46-1, बुमराह 4-0-36-0, कोएत्जी 4-0-57-1, चावला 2-0-37-1, मुलानी 2-0-33-0

### मुंबई इंडियंस

| | |
|---|---|
| रोहित शर्मा का अभिषेक बो कमिंस | 26 |
| किशन का मार्कराम बो शाहबाज | 34 |
| नमन धीर का कमिंस बो उनादकट | 30 |
| तिलक वर्मा का मयंक बो कमिंस | 64 |
| हार्दिक पंड्या का क्लासेन बो उनादकट | 24 |
| टिम डेविड नाबाद | 42 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 15 |
| अतिरिक्तः | 11 |

**कुल योग:** 20 ओवर में पांच विकेट पर 246 रन

**विकेट पतन:** 1-56, 2-66, 3-150, 4-182, 5-224

**गेंदबाजी:** भुवनेश्वर कुमार 4-0-53-0, जयदेव उनादकट 4-0-47-2, शाहबाज अहमद 3-0 -39-1, पैट कमिंस 4-0-35-2, उमरान मलिक 1-0-15-0, मयंक मार्कंडेय 4-0-52-0



## मुंबई को अंतिम चार ओवर में 88 रन की दरकार थी तब डेविड ने भुवनेश्वर पर दो छक्के लगाकर चुप्पी तोड़ी

मुंबई को अंतिम चार ओवर में 88 रन की दरकार थी और तब डेविड ने भुवनेश्वर पर दो छक्के लगाकर चुप्पी तोड़ी। लेकिन उनादकट ने हार्दिक को पवेलियन की राह दिखा दी। इससे पहले हेड जब पांच रन पर थे तब हार्दिक पंड्या की गेंद पर टिम डेविड ने उनका कैच छोड़ा। ऑस्ट्रेलिया के इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 17 वर्षीय क्वेना मफाका पर लगातार दो छक्के और दो चौके जड़कर इसका जश्न मनाया जिससे सनराइजर्स तीन ओवर में 40 रन बनाने में सफल रहा। मफाका बेहद महंगे साबित हुए। उन्होंने चार ओवर में 66 रन लुटाए। हार्दिक ने इसके तुरंत बाद जसप्रीत बुमराह को आक्रमण पर लगाया और वह स्वयं छोर बदलकर गेंदबाजी के लिए आए। उनकी यह रणनीति कारगर साबित हुई और इस बार डेविड ने मयंक अग्रवाल (11) का कैच लेने में कोई गलती नहीं की। हेड ने हालांकि हार्दिक के इस ओवर में लगातार तीन चौके लगाकर अपना आक्रामक रवैया बरकरार रखा। उन्होंने गेराल्ड कोएत्जी का स्वागत दो चौके और एक छक्के से करके 18 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया। इस तरह से सनराइजर्स ने पावर प्ले में एक विकेट खोकर 81 रन बनाए। सनराइजर्स का पावर प्ले में यह सर्वाधिक स्कोर है। अभिषेक ने पीयूष चावला पर तीन छक्के जड़े जिससे सनराइजर्स का स्कोर सात ओवर में ही तिहरे अंक में पहुंच गया। कोएत्जी ने अगले ओवर में हेड के तेवरों पर विराम लगाया लेकिन अभिषेक अपने पूरे रंग में दिखे। उन्होंने मफाका पर लगातार दो छक्के लगाकर 16 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया तथा सनराइजर्स की तरफ से कुछ देर पहले हेड के बनाए गए रिकार्ड को थोड़ा। वह हालांकि अपनी पारी लंबी नहीं खींच पाए और चावला पर एक और छक्का लगाने के प्रयास में मिड विकेट पर कैच दे बैठे। सनराइजर्स ने 10 ओवर में दो विकेट पर 148 रन बनाए, जो आईपीएल में नया रिकॉर्ड है।

## खबर संक्षेप



### गोल्फर लाहिड़ी से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**गुरुग्राम।** पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने की कोशिश में लगे अनुभवी भारतीय गोल्फ खिलाड़ी अनिर्बान लाहिड़ी गुरुवार से यहां शुरू हो रहे हीरो इंडियन ओपन में अपने नौ साल के खिताबी सूखे को खत्म करना चाहेंगे। ओलंपिक में दो बार देश का प्रतिनिधित्व कर चुके लाहिड़ी लंबे समय के बार राष्ट्रीय चैंपियनशिप में वापसी करेंगे। एलआईवी गोल्फ से जुड़ने के बाद उनकी रैंकिंग 401 हो गई है और पेरिस खेलों में जगह बनाने के लिए उन्हें अच्छे नतीजे की जरूरत होगी।

### कोच पद के लिए रोंची के संपर्क में पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड राष्ट्रीय टीम के नए मुख्य कोच के लिए ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ल्यूक रोंची से बात कर रहा है। पीसीबी के एक सूत्र ने बुधवार को बताया कि 42 वर्षीय रोंची के साथ 'विस्तृत चर्चा' हुई। रोंची पाकिस्तान सुपर लीग टीम इस्लामाबाद यूनाईटेड के भी कोच रहे हैं। सूत्र ने कहा, 'कोई भी बड़ा कोच पीसीबी के लिए काम करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है क्योंकि उनमें से ज्यादातर पहले से ही विभिन्न लीग के साथ प्रतिबद्ध हैं या उन्हें पाकिस्तान क्रिकेट में काम करने को लेकर आशंका है इसलिए कोच की तलाश रोंची तक पहुंची है।'



### पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा : कोच वेस्टवुड



**गुवाहाटी।** विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में भारत के खिलाफ उसी की सरजमीं पर जीत के बाद अफगानिस्तान के फुटबॉल कोच एशले वेस्टवुड ने कहा कि मेहमान टीम हमेशा हावी रही और उसे पहले चरण का ड्रॉ हुआ मुकाबला भी जीतना चाहिए था। भारत मंगलवार रात अफगानिस्तान से 1-2 से हार गया देश में फुटबॉल के लिए एक शर्मनाक दिन रहा। मेजबान टीम के लिए एकमात्र गोल अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री के पेनल्टी पर किया। अफगानिस्तान के लिए रहमत अकबरी (71वें मिनट) और शरीफ मुखम्मद (88वें मिनट) ने गोल किए।



## उरुग्वे के क्लब कोलोन से जुड़े बिजय छेत्री

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारतीय डिफेंडर बिजय छेत्री इस साल के अंत तक उधार पर उरुग्वे के फुटबॉल क्लब कोलोन एफसी से जुड़ गए हैं। उनके इंडियन सुपर लीग क्लब चेन्नईयिन एफसी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

छेत्री इस तरह किसी लेटिन अमेरिकी क्लब से अनुबंध करने वाले पहले भारतीय फुटबॉलर बने। कोलोन क्लब मोंटेवीडियो में स्थित है। क्लब सेगुंडा डिविजन पेशेवर (दूसरा डिविजन) में खेलता है और अभी ग्रुप बी लीग तालिका में तीसरे स्थान पर चल रहा है। मणिपुर के 22 साल के छेत्री ने अपने फुटबॉल करियर की शुरुआत 2016 में शिलांग लाजोंग के साथ की।

## बोपन्ना-एबडेन ने मियामी ओपन के सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने यहां मियामी ओपन में नीदरलैंड के सेम वर्बीक और ऑस्ट्रेलिया के जॉन-पैट्रिक स्मिथ को हराकर साल के तीसरे पुरुष युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई।

इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाले बोपन्ना और एबडेन ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए 3-6 7-6 10-7 से जीत दर्ज की। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी 44 साल के बोपन्ना को इस जीत से एटीपी युगल रैंकिंग में शीर्ष 10 में रहने और जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने में मदद मिलेगी। पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने की रैंकिंग पर विचार करने की कट ऑफ तारीख 10 जून है। बोपन्ना और एबडेन इससे पहले इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन और एडीलेड ओपन के फाइनल में खेल चुके हैं।




### मेदवेदेव ने जीता 350वां मुकाबला

गत चैंपियन दानिल मेदवेदेव ने अपने कॅरियर का 350वां मुकाबला जीतते हुए डोमीनिक कोफर को सीधे सेट में हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार चौथे साल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मेदवेदेव ने कोफर को 7-6, 6-0 से हराया। शीर्ष वरीय कार्लोस अल्कारेज ने भी 23वें वरीय लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ 6-3, 6-3 की आसान जीत के साथ अंतिम आठ में प्रवेश किया। आठवें वरीय दिमित्रोव ने ह्युबर्ट हुरकाज को 3-6, 6-3, 7-6 से हराया। महिला वर्ग में चौथी वरीय एलेना रिबाकिन ने आठवीं वरीय मारिया सकारी को कड़े मुकाबले में दो घंटे 48 मिनट में 7-5, 6-7, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## सत्र की पहली जीत के लिए तरस रही कैपिटल्स

- राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबला आज शाम 7.30 बजे से

एजेंसी ▶▶| जयपुर



दिल्ली कैपिटल्स गुरुवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल सत्र की पहली जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा तो सभी की नजरें कप्तान ऋषभ पंत पर टिकी होंगी जबकि टीम को बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गंभीर कार दुर्घटना के कारण 453 दिन बाहर रहने के बाद पंत पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में उनके नए घरेलू मैदान पर वापसी करते हुए सिर्फ 13 गेंद (18 रन) टिक पाए थे। पंत ने हालांकि विकेट के पीछे प्रभावित किया और जितेश शर्मा को स्टंप भी किया। अपने पहले मैच की शुरुआती घबराहट से उबरने के बाद पंत जल्द ही लय हासिल करने को बेताब होंगे क्योंकि उन्हें ट्रेंट बोल्ट, रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल जैसे अनुभवी गेंदबाजों का सामना करना है। कुलदीप यादव और अक्षर पटेल की स्पिन जोड़ी से भी टीम को काफी उम्मीद होंगी। पिछले मैच में सवाई मानसिंह स्टेडियम की सूखी पिच पर राजस्थान रॉयल्स की जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी को लखनऊ सुपर जाइंट्स के गेंदबाजों के खिलाफ परेशानी का सामना करना पड़ा था। संजू सैमसन के नाबाद 82 रन की बदौलत हालांकि रॉयल्स की टीम 20 रन से जीत दर्ज करने में सफल रही।

## नोवाक जोकोविच ने कोच इवानिसेविच से नाता तोड़ा

एजेंसी ▶▶| लंदन

शीर्ष रैंकिंग के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने 2018 से उनके कोच रहे गोरान इवानिसेविच से अलग होने का फैसला किया है। इवानिसेविच के साथ रहते हुए सर्बिया के खिलाड़ी जोकोविच ने 12 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। जोकोविच रिकॉर्ड 24 खिताब के साथ पुरुष वर्ग में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी हैं।

जोकोविच ने बुधवार को 'इंस्टाग्राम' पर लिखा कि उन्होंने 'कुछ दिन पहले से' इवानिसेविच के साथ काम करना छोड़ दिया था। जोकोविच ने लिखा, 'कोर्ट पर हमारे रिश्तों में कई उतार-चढ़ाव रहे लेकिन हमारी दोस्ती हमेशा काफी मजबूत रही।' जोकोविच ने साल 2024 में अब तक कोई खिताब नहीं जीता है। वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में हार गए थे। इवानिसेविच ने 2001 में वाइल्ड कार्डधारी के तौर पर विंबलडन का खिताब जीता था।



### श्रीजेश एफआईएच एथलीट समिति में सह-अध्यक्ष नियुक्त

**लुसाने।** भारतीय टीम के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश और चिली महिला टीम की डिफेंडर कैमिला कैरम को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ की नयी एफआईएच एथलीट समिति के सह-अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। यह जोड़ी एफआईएच में खिलाड़ियों के दृष्टिकोण को रखेगी। एफआईएच एथलीट समिति एक सलाहकार निकाय के रूप में कार्य करती है । यह एफआईएच कार्यकारी बोर्ड, एफआईएच समितियों, सलाहकार पैनलों और अन्य निकायों को सिफारिशें करती है। एफआईएच अध्यक्ष तैय्यब इकराम ने नियुक्तियों के बाद एक विज्ञप्ति में कहा, "खिलाड़ी हमेशा एफआईएच के सभी खेल प्रयासों के केंद्र में रहे हैं। जब एफआईएच ने अपनी नयी 'सशक्तीकरण और सहभागिता' रणनीति जारी की तो इसमें खिलाड़ियों को प्राथमिकता देने के दृष्टिकोण को शामिल किया गया।

## छेत्री ने दागा 94वां अंतरराष्ट्रीय गोल



**कोलकाता।** भारत के करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने अपने 150वें मैच में 94वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागा। 158वें स्थान पर काबिज अफगानिस्तान के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में भारत को इस मैच में 1-2 की शर्मनाक हार मिली।


### बेलिंगहम ने दागा सत्र का 22वां गोल


## इंग्लैंड ने बेल्जियम को 2-2 की बराबरी पर रोका

- फ्रेंडली मैच : पिछले मैच में इंग्लैंड को ब्राजील से मिली थी हार

एजेंसी ▶▶| लंदन

ज्यूड बेलिंगहम के इंजरी टाइम में दागे सत्र के 22वें गोल की मदद से इंग्लैंड ने मंगलवार को यहां मैत्री फुटबॉल मैच में बेल्जियम को 2-2 से बराबरी पर रोक दिया। रियल मैड्रिड के मिडफील्डर बेलिंगहम ने वेम्बले स्टेडियम में दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के पांचवें मिनट में गोल दागकर इंग्लैंड को लगातार दूसरी हार से बचाया। शनिवार को इंग्लैंड को ब्राजील के खिलाफ 0-1 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था। योरी टिलेमेंस ने 11वें मिनट में बेल्जियम को बढ़त दिलाई थी लेकिन इवान टोनी ने 17वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया। टिलेमेंस ने 36वें मिनट में एक और गोल करके बेल्जियम को 2-1 से आगे किया। टीम ने अंतिम लम्हों तक बढ़कर बरकरार रखी लेकिन बेलिंगहम ने इंग्लैंड को बराबरी दिला दी।





**जर्मनी ने नीदरलैंड का 2-1 से हराया: फ्रैंकफर्ट।** स्थानापन्न खिलाड़ी निकलास फल्कबर्ग के गोल से जर्मनी ने यहां मैत्री फुटबॉल मैच में नीदरलैंड को 2-1 से हरा दिया जिससे यूरोपीय चैंपियनशिप से पहले टीम का मनोबल बढ़ेगा। नीदरलैंड के गोलकीपर बार्ट वरब्रुगेन ने 85वें मिनट में फल्कबर्ग के शॉट को रोकने का प्रयास किया लेकिन रीप्ले देखने पर पुष्टि हुई की गेंद गोल रेखा को पार कर चुकी थी। जर्मनी की दो मैच में यह दूसरी जीत है। टीम ने शनिवार को फ्रांस को 2-0 से हराया था। इस हार के साथ नीदरलैंड का लगातार चार जीत का क्रम भी टूट गया।

### ब्राजील और स्पेन का मैत्री मैच ड्रॉ

**मैड्रिड।** लुकास पेक्वेटा के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर दागे गोल से ब्राजील ने मैत्री फुटबॉल मैच में स्पेन को 3-3 से ड्रॉ पर रोका। रीयाल मैड्रिड की ओर से खलने वाले ब्राजील के कप्तान विनिसियस जूनियर को स्थानीय लीग में खेलते हुए कई बार नस्लवाद का सामना करना पड़ा जिसके बाद इस मुकाबले को 'वन स्किन' मैच के रूप में पेश किया गया। ब्राजील ने दो गोल से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मुकाबले को ड्रॉ कराया। स्पेन की ओर से रोड्री ने 12वें और 87वें मिनट में पेनल्टी पर दो गोल दागे जबकि एक अन्य गोल डेनी ओल्मो ने किया।

## धोनी ने अपना स्वाभाविक खेल खेलने की सलाह दी थी



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

चेन्नई सुपरकिंग्स के बल्लेबाज समीर रिज्वी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपने पहले आईपीएल मैच में छोटी लेकिन तेज और प्रभावी पारी खेलने को श्रेय महेंद्र सिंह धोनी को दिया। रिज्वी ने कहा कि जब वह बल्लेबाजी के लिए जा रहे थे तो भारत के इस पूर्व कप्तान ने उन्हें अपना स्वाभाविक खेल खेलने ही सलाह दी। टाइटंस के खिलाफ मंगलवार रात रिज्वी ने छह गेंद में 14 रन बनाए जिसमें राशिद खान के खिलाफ दो छक्के भी शामिल हैं। रिज्वी ने कहा, "भैया (धोनी) ने मुझे उसी तरह खेलने को कहा जैसे मैं आम तौर पर खेलता हूं।'

# 41वें गुणीजन संगीत समारोह में हुआ सुर, लय और ताल का संगम

## श्याम सुन्दर शर्मा ने ध्रुवपद गायन और डॉ. श्वेता गर्ग ने दी कथक की प्रस्तुति




**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। संगीत गुरु पं. गोकुल चंद राव की स्मृति में बुधवार को संगीतज्ञ पं. गोकुल चंद राव की स्मृति में 41वां गुणीजन संगीत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सबरंग संस्था की ओर से आयोजित हुए इस समारोह में डॉ. श्याम सुन्दर शर्मा के ध्रुवपद गायन और डॉ. श्वेता गर्ग की कथक नृत्य की प्रस्तुति के साथ सांस्कृतिक लेखन में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए पत्रकार विजय सिंह को पं. गोकुल चंद राव कला लेखन, डॉ.श्वेता गर्ग को कथक के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए पं. गोकुल चंद राव कला अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही समारोह में संगीत, नृत्य और चित्रकला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के कई हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण, शिक्षाविद् देवनारायण जैमन, जाने-माने वैदिक चित्रकार रामू रामदेव, समाज सेवी कुन्दन लाल पठानी, सबरंग के सचिव पं. राजेन्द्र राव, अध्यक्ष अनिल तिवारी और वरिष्ठ पत्रकार अशोक शर्मा ने सभी को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और शॉल आदि देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरूआत पं. रमेश मेवाल के गाए गणपति श्लोक से हुई। इसके बाद बाल कलाकार आद्या जैन, अदिति और नविका सिंह ने एक मिनट में कथक के 'तत्-तत्-थेई' के पचास चक्कर लगाकर वहां मौजूद लोंगों को हैरत में डाल दिया। समारोह में डॉ. श्वेता गर्ग ने रक्षिता शेखावत और प्रियाशा जैन के साथ मिलकर होली की ठुमरी को जिस नज़ाकत भरे अंदाज़ में प्रस्तुत किया उससे परिवेश होली के रंग मे रंग गया। श्वेता ने इसके अलावा कथक में चाला, ठाठ, परण जोड़ी, आमद, तिहाईयों और 53 चक्कर का मयूरी तोड़ा प्रस्तुत कर अपनी नृत्य साधना का बेहतरीन प्रदर्शन किया। उनके साथ तबले पर पं. कौशल कान्त पंवार, सारंगी पर उस्ताद अमीरूद्दीन और हारमोनियम व गायन पर पं. रमेश मेवाल ने संगत की। तत्पश्चात् ध्रुवपदाचार्य स्व. पं. लक्ष्मण भट्ट तैलंग और विदूषी डॉ. मधु भट्ट तैलंग के शिष्य डॉ. श्याम सुन्दर शर्मा का ध्रुवपद गायन हुआ। उन्होंने राग बिहाग को अपनी प्रस्तुति का माध्यम बनाया। पखावज पर प्रतीश रावत ने संगत की।

***ख़बर बेख़बर***

# धार्मिक और पारिवारिक यात्राओं के ख़र्चे में बिक रहे सरकारी अफ़सर

## सरकार में बैठे भ्रष्ट अधिकारियों को धार्मिक यात्राएँ कौन करवाता है?

**शालिनी श्रीवास्तव**

**जयपुर (हिलव्यू समाचार)**। रिश्वत, मिलीभगत, साँठगाँठ के अलावा पारिवारिक मनोरंजनात्मक देश विदेश यात्राएँ यहाँ तक कि धार्मिक यात्रायें वैष्णव देवी, केदारनाथ, भारत दर्शन के पैकेज ये भूमाफिया और बिल्डर्स देते हैं स्तर के हिसाब से निगम अधिकारियों व कर्मचारियों को।सिर्फ़ अधिकारी ही नहीं बल्कि अधिकारी के परिवार के सदस्यों तक को ओब्लाइज कर अवैध निर्माणों को पूरा किया जाता है।

बिल्डिंग बायलॉज के नियम कानूनी किताब से नहीं बल्कि लाइजनिंग से चलते हैं और शहर का सौन्दर्य इन भ्रष्टाचारियों की भेंट चढ़ रहा है।

नियम क़ायदे कानून सिर्फ़ किताबों में बन्द होकर रह गए है और इसका प्रत्यक्ष उदाहरण यूँ तो सभी जगह देखने को मिलता है पर आदर्श नगर जोन और मालवीय नगर जोन में पूर्ण स्पष्ट रूप से देखने को मिलता आ रहा है।

बिना परमिशन ज़ीरो सेटबैक,बिना भूमि पुनर्गठन शुल्क जमा करवाये ,बिना रेजिडेंशियल को कॉमर्शियल भू-रूपांतरण करवाये,अवैध बैसमेंट्स, अवैध पेंट हाउस और अवैध शोरूम्स के अवैध निर्माण बढ़ते जा रहे है क्योंकि जिन्हें पाबंदी लगानी चाहिए वो तमाम अधिकारी या कर्मचारी बिल्डर से इतने ओब्लाइज हुए हैं कि उन्हें अपनी आँखों को बंद नहीं बल्कि अंधा बनाना पड़ता है।

आइए सुनाते है एक कहानी एक ऐसे ही बिल्डर की जो बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के काम में जितना दिमाग लगाता है उससे ज़्यादा दिमाग वो नगर निगम, जेडीए और डी एल बी के अधिकारियों और कर्मचारियों की आवभगत में लगाता है या यूँ कहे कि तमाम प्रशासन को किस तरह से अपने प्रभाव या कब्ज़े में लेना है ताकि उसके द्वारा किये जा रहे अवैध निर्माणों पर कोई आंच नहीं आये वो भली भाँति जानता है।

शराब शबाब और क़बाब का मॉकटेल बनाने में तो पारंगत है ही उसके अलावा गर्मी की छुट्टियां हो या सर्दी की छुट्टियाँ या बिना छुट्टियों के भी फैमिली टूर पर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भेजने का हुनर भी जानता है। यह बिल्डर कभी भी वास्तविक रूप में नियम क़ायदे कानून के अनुरुप कार्य नहीं करता है क्योंकि इस बिल्डर का कहना है की जब निगम जेडीए मेरी जेब में है तो किस बात का डर और किस बात की परमिशन ?

अगर गौर करे तो आदर्शनगर जोन नगर निगम हैरीटेज में बहुतायात में बिल्डिंगों का निर्माण इस बिल्डर द्वारा जारी है । आप किसी भी गली में चले जाये हर गली में इस बिल्डर के द्वारा बिना परमिशन के ज़ीरोसेट बैक पर बिना भू रूपांतरण करवाये रेजिडेंशियल में कॉमर्शियल निर्माण आपको दिख जाएंगे।

यह बिल्डर जुआँ खेलने का बड़ा शौकीन है और मज़े की बात यह है कि जुआँ खेलने के लिए जगह भी ऐसी चुनी हुई है जहाँ माँ सरस्वती का स्थल पास में ही है इस बिल्डर को साधुवाद !

जब भी यह बिल्डर जॉइंट वेंचर में अवैध निर्माण कार्य करता है या स्वयं निर्माण कार्य करता है तो उस से पहले अधिकारी और कर्मचारी से मिलकर उसका मिज़ाज जानकर वो पत्ता फैंकता है जिस चाल में सामने वाला व्यक्ति फँस जाता है और उसके अनुरुप काम करने पर मज़बूर हो जाता है और इस तरह से सरकारी राजस्व की खुले आम चोरी होती है और नगर निगम का खज़ाना खाली रहता है और सरकारी संस्थाएँ सिर्फ़ एक भद्दा मज़ाक बन कर रह गई है। ऐसे कृत्यों से नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की आम जनता के समक्ष छवि भ्रष्ट और लालची व्यक्ति की बन जाती है और यह बिल्डर अपना काम निकलवाने के लिए अलग अलग तरह के हथकंडे अपनाता रहता है **आख़िरकार निगम के अधिकारी इतने बेगैरत कैसे हो सकते है कि एक बिल्डर अपनी अंगुलियों के इशारे पर नचाता है और ये कठपुतली की तरह नाचते हैं**?



**देश-विदेश में महंगे होटल, गोवा बीच, बैंकॉक की अय्याशी और बार बाला में उलझाकर आँख नाक कान काट रहा आदर्शनगर का शातिर बिल्डर। सौ पाप करके भी मासूम बने रहते है निगम के कुछ भ्रष्ट अधिकारी मात्र सरकार को ही नहीं बल्कि भगवान और अपने परिवार को भी धोखा देते हैं ये भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारी।**

## सीएम को भेंट किया IPL का गोल्डन पास

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से राजस्थान रॉयल्स के सीईओ जैक लश मकरम एवं उपाध्यक्ष राजीव खन्ना ने ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात की। जैक एवं खन्ना ने मुख्यमंत्री को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का गोल्डन पास भेंट कर जयपुर में आयोजित होने वाले राजस्थान रॉयल्स के मैच देखने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान खेल एवं युवा मामलात मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ भी मौजूद रहे। दरअसल जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के 24 एवं 28 मार्च तथा 6 अप्रेल सहित कुल 5 मैच आयोजित होंगे।



### बागियों की भाजपा में वापसी: चार निर्दलीय विधायकों ने दिया भाजपा को समर्थन

# पूर्व सांसद गोपाल सिंह भी हुए कमल के साथ

हिलव्यू समाचार

जयपुर। लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही प्रमुख दलों के नेताओं का पाला बदलना जारी है। कई पूर्व में हुए कई बागियों ने शनिवार को भाजपा का दामन थाम लिया। इसके अलावा चार निर्दलीय विधायकों ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को समर्थन देने की घोषणा की है। इनमें चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह, सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी, हनुमानगढ़ विधायक गणेश राज और बयाना विधायक रितु बनावत शामिल हैं। इसके साथ ही पूर्व सांसद गोपाल सिंह ईडवा ने भी बीजेपी का दामन थामा है। इसी प्रकार बीजेपी से बागी होकर कोटपूतली से चुनाव लड़ने वाले मुकेश गोयल, बस्सी से चुनाव लड़ने वाले जितेंद्र मीणा, जालम सिंह रावलोत, विकेश खोलिया, सुखवंत सिंह, विजय मीणा और दानाराम चौधरी भी बीजेपी में शामिल हुए।



**चंद्रभान सिंह** चित्तौड़गढ़ विधायक | **जीवाराम चौधरी** सांचौर विधायक | **गणेश राज** हनुमानगढ़ विधायक | **ऋतु बनावत** बयाना विधायक

## ईडवा बिना शर्त पार्टी में हुए शामिल: जोशी



इस दौरान बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि गोपाल सिंह ईडवा ने मेरे सामने चुनाव लड़ा था। आज बीजेपी में शामिल हो गए हैं। ये बिना शर्त भारतीय जनता पार्टी में आए हैं। जोशी ने कहा कि राजस्थान में डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। भाजपा ने जो वादे चुनाव से पहले किए थे। 90 दिनों में काम करते हुए उनमें से 45% काम पूरे भी कर दिए हैं। भाजपा कार्यकर्ता लोकसभा में भी 25 सीट जीतकर नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाएंगे।







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, एवं मुद्रक शालिनी श्रीवास्तव के लिए अम्बर ऑफसेट प्राइवेट लिमिटेड, डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर में मुद्रित एवं प्लॉट नंबर C-2,अर्शिया रेजिडेंसी, फ्लैट नंबर 201,आदर्श नगर,राजा पार्क जयपुर-302004 (राजस्थान) से प्रकाशित।
**संपादक :** शालिनी श्रीवास्तव **सह-संपादक:** हरीश श्रीवास्तव, छबड़ा बारां **सह-संपादक :** कुलदीप गुप्ता, जयपुर मो.: 9460678701, 7976561127 (21 जून 2014 से निरन्तर प्रकाशित) hillviewsamachar@gmail.com (राजस्थान सरकार से विज्ञापन हेतु स्वीकृत)